

रांची, गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024

संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष-7 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 47 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता

गजनी 2 को हिंदी और तमिल में एक साथ सूट करेंगे आमिर खान और सूर्या ◂◂ 6







# पलामू : बारातियों से भरी स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त चार की मौत, तीन घायल



**मेट्रो रेज**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मनातू प्रखंड के उरुर जंगल में बारात जा रही स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें चार व्यक्तियों की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निर्मल उरांव दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया । बारात बिहार के गया जिला के छकरबंधा गांव से लेस्लीगंज आ रही थी। मृत व्यक्तियों में दूल्हे के रिश्तेदार जावेद अंसारी, आसिन अंसारी एवं दो अन्य शामिल हैं। सभी मृतकों की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष बताई जा रही है।

घायलों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन मेदनी नगर पहुंचे हैं।

## बिहार में पलटने से बची ट्रेन, पटरी पर रची गयी थी साजिश, ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**पटनाः** बिहार में ट्रेन को पलटने की साजिश रची गयी थी। बीती देर शाम को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर डीएमयू ट्रेन 07561 हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गयी। पटरी पर किसी ने लोहे का सरिया रख दिया था। जब ट्रेन इस सरिये से टकरायी तो तेज आवाज उठी और जोर का झटका लगा। ड्राइवर की सूझबूझ काम आयी और किसी तरह एक अनहोनी टल गयी। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू हुई।

कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर बड़ा हादसा टलाः कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर बुधवार की देर शाम को जब कटिहार से जोगबनी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन 07561 रानीपतरा स्टेशन से खुली तो करीब 900 मीटर आगे बढ़ने पर ही अचानक ट्रेन में जोरदार झटका लगा। दरअसल ट्रेन के पहिए में लोहे का एक सरिया उलझ गया था। जब तेज आवाज उठी और झटके से ट्रेन रूकी तो अंदर बैठे सभी यात्री सहम गए। ट्रेन पैसेंजर से खचाखच भरी हुई थी। बोगी में बैठे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गयी। ड्राइवर खुद हैरान थे। उन्होंने पूरी बात बतायी। 10 एमएम का दो सरिया ट्रेन के चक्के के बीच फंस गया था।

ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बड़े हादसे को टालाः ट्रेन के ड्राइवर ने कहा कि गनीमत है कि बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन स्टेशन से खुली ही थी इसलिए स्पीड उस हिसाब से नहीं थी जो बीच रास्ते में रहती है। अगर स्पीड ज्यादा होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। दरअसल, ड्राइवर ने यहां सूझबूझ से काम लिया और बिना समय गंवाए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। जिससे ट्रेन रूक गयी। पहिया रेल की पटरियों से उतरता इससे पहले ही ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बड़े हादसे को टाल दिया।

## नाले में गिरी कार पांच की मौत हाईवे पर टायर फटने से हुआ हादसा



**सिरोही :** कार के हाईवे से नाले में गिरने के कारण उसमें सवार मां-बेटी सहित पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल है। हादसा ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे (एनएच-62) पर आज सुबह करीब 7.15 बजे टायर फटने के कारण हुआ। कार सवार दाहोद (गुजरात) से फलोदी (राजस्थान) आ रहे थे।

हादसे की सूचना पर सिरोही कलेक्टर अल्पा चौधरी, एसपी अनिल कुमार और डीएसपी मुकेश चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे। घायल महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर सिरोही हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। जानकारी देते हुए डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि कोतवाली थाना इलाके में ब्यावर-पिंडवाड़ा एनएच-62 पर थानेश्वरजी पुलिया के पास कार का टायर फट गया। स्विफ्ट कार डिवाइडर को तोड़ती हुई हाईवे से नीचे नाले में जा गिरी।



## लॉरेंस की अगली लिस्ट में राहुल-ओवैसी का नाम सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी

**नई दिल्लीः** बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद देश में एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई का नाम चर्चा में है। इस बीच कांग्रेस नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी को फेसबुक पर जान से मारने की धमकी दी गई है। सोशल मीडिया पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की फोटो के साथ धमकी दी गई है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर वाराणसी के सिगरा थाने में शिकायत दर्जा कराई है। एनएसयूआई ने सोशल मीडिया यूजर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस पोस्ट में राहुल गांधी के साथ-साथ इसी पोस्ट में राहुल गांधी के साथ-साथ एआईएमआई प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के लिए भी ऐसी बात कही गई है। एनएसयूआई से पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषभ पांडे ने एबीपी न्यूज को बताया, बुद्धादित्य मोहंती नामक एक यूजर ने सोशल मीडिया पर वायनाड के सांसद राहुल गांधी को लेकर एक पोस्ट किया गया है, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। इसके साथ ही पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई के फोटो के साथ-साथ उसका महिमा मंडन किया गया है।

एनएसयूआई ने कहा कि राहुल गांधी हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं, संविधान की रक्षा की बात कर रहे हैं और इस स्थिति में वह देश की सबसे बड़ी उम्मीद है। हम उनके खिलाफ ऐसी सोच को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारी मांग है कि इस आपराधिक सोच वाली मानसिकता के व्यक्ति पर जल्द एफआईआर दर्ज किया जाए।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मधु कोड़ा, चुनाव लड़ने की मांगी अनुमति

**रांची/नई दिल्लीः** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने के सपने पर पानी फिर गया है। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सुनवाई करेगी।



दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी मधु कोड़ा की याचिकाः दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मधु कोड़ा की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि याचिकाकर्ता केवल इस आधार पर फैसले पर रोक लगाना चाहता है कि वह चुनाव लड़ सके, जो उचित नहीं है। प्रथम दृष्टया यही लगता है कि वह इस मामले में दोषी हैं, इसलिए निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण नहीं है। बता दें कि निचली अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव ए.के। बसु और मधु कोड़ा के सहयोगियों को कोयला घोटाले में दोषी ठहराया था। सभी को कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी और सजा के साथ आरोपी पर जुर्माना भी लगाया गया था।

## सीबीएसई बोर्ड ने किया ऐलान : एक जनवरी से शुरू होंगे कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम

**नई दिल्लीः** सीबीएसई ने कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम की घोषणा कर दी है। सीबीएसई ने सर्कुलर जारी कर इसकी जानकारी दी है। सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाएं और इंटरनल असेसमेंट 1 जनवरी से आयोजित किए जाएंगे, और थ्योरी पेपर 15 फरवरी, 2025 से शुरू होंगे। इन तारीखों का जिक्र सीबीएसई ने हाल ही में जारी एक सर्कुलर में किया गया है, जिसमें बोर्ड परीक्षा के पेपर के लिए नंबरों का सब्जेक्टवाइज डिटेल शेयर किया गया है। बोर्ड परीक्षा के अंकों के बारे में सीबीएसई का सर्कुलर पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि शीतकालीन सत्र वाले स्कूलों के लिए सीबीएसई की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 5 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 के बीच होंगी। पिछले सर्कुलर में बोर्ड ने कहा था कि हालांकि परीक्षा नियमावली में जिक्र है कि प्रैक्टिकल एग्जाम 1 जनवरी से होंगी, लेकिन शीतकाल वाले स्कूलों के उस महीने बंद रहने की उम्मीद है। अब इसके बाद बोर्ड एग्जाम की डेटशीट का इंतजार है। पिछले रुझानों के मानें तो, थ्योरी पेपर के लिए सीबीएसई टाइमटेबल दिसंबर में जारी होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2025 में देश-विदेश के 8,000 स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में करीब 44 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।

## झारखंड विधानसभा चुनाव 2024ः प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

### देवघर से सड़क मार्ग से साहिबगंज गए हेमंत सोरेन, आज करेंगे नामांकन दाखिल

**मेट्रो रेज**


**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, सरयू राय, बन्ना गुप्ता, मीरा मुंडा समेत बीजेपी, कांग्रेस, जेएमएम के नेता आज शुभ मुहूर्त में नामांकन किया। झारखंड में 2 चरणों में होने वाली वोटिंग के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है।पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है। आज कई शुभ योग बन रहे हैं, जिसकी वजह से बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।



गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने नामांकन किया दाखिल



हटिया विधानसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने नामांकन दाखिल किया।



रांची विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने नामांकन किया दाखिल ।

## न्यूज ब्रीफ

### रांची में युवती से दरिंदगी, झाड़ियों में मिला शव



**रांचीः** राजधानी के नामकुम इलाके में एक दिल दहला देने वाला वाक्या सामने आया है। इलाके में एक युवती की बेरहमी से हत्या कर उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया। बुधवार देर रात मामले की जानकारी पुलिस को मिली, जिसके बाद मामले की जांच जारी है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

दरअसल, रांची के खरसीदाग ओपी क्षेत्र के चापुटोली के पास स्थित झाड़ियों से एक युवती का शव बरामद किया गया। युवती की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उसके हाथ पर सूरज नाम के युवक का टैटू बना हुआ है। युवती के शरीर पर हर तरफ जख्म के निशान है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि युवती की हत्या बड़े ही बेरहमी के साथ की गई है। मारने से पहले युवती को काफी प्रताड़ित किया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर बुधवार देर रात पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर एफएसएल और डॉग स्कॉड की टीम से जांच करवाई गई।

जिस स्थान पर युवती का शव मिला है, उससे कुछ ही दूरी पर एक घर भी है। पुलिस की टीम जब जांच करते हुए उस घर तक पहुंची तो सभी चौंक गए। कमरे के दीवार पर चारों तरफ खून ही खून फैला हुआ था। शराब की बोतले पड़ी हुई थी। पुलिस के मुताबकि, इसी कमरे में युवती की हत्या की गई और फिर उसके शव को घसीटकर झाड़ी में फेंक दिया गया।

रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि युवती की हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया गया था। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। युवती के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही साफ हो पाएगा।मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

### उत्पाद विभाग ने 11 अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा



**जमशेदपुरः** विधानसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की कार्रवाई तेज हो गई है। बुधवार को विभाग की अलग-अलग टीम ने अवैध शराब विक्रेताओं एवं निमार्ताओं के विरूद्ध छापेमार की। इस दौरान एमजीएम थानांतर्गत कालाझोर एवं छोटाबांकी तथा पोटका थानांतर्गत रानीकुदर व लोवाडीह के दुर्गम क्षेत्रों में संचालित अवैध महुआ चुलाई शराब की कुल 11 भट्ठियों को ध्वस्त किया। मौके से अवैध महुआ चुलाई शराब करीब 410 लीटर बरामद किया गया तथा महुआ शराब तैयार करने हेतु प्रयुक्त किण्वित जावा - महुआ करीब 30800 किलोग्राम नष्ट किया गया। वहीं विभाग ने अवैध शराब भट्ठी संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया।

### एसआई ने पत्रकार के साथ किया दुर्व्यवहार,पत्रकारों ने की बैठक की निंदा



**कसमारः** प्रखंड के पत्रकारों की एक बैठक कसमार स्थित शिवाजी चौक में आयोजित हुई। बैठक में कसमार थाना क्षेत्र के बरईकला निवासी वरिष्ठ पत्रकार नागेश्वर महतो के साथ कसमार थाना के एएसआई रोजिद आलम के द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की कड़ी निंदा की गयी। बैठक में श्री महतो ने बताया कि मंगलवार को शाम करीब सात बजे एसआई रजिद आलम दो अन्य पुलिस कर्मियों के साथ उनके घर पहुंचे। रोजिद आलम ने खुद को कसमार का थाना प्रभारी बताया और धौंस दिखाना शुरू कर दिया। बार-बार पूछे जाने के बावजूद घर आने का कोई कारण नहीं बताया।वह घर के अंदर प्रवेश कर गये तथा परिवार के महिला-पुरुष सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया।बैठक में पत्रकारों ने सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया।कहा कि श्री महतो क्षेत्र के वरिष्ठ, ईमानदार व सरल स्वभाव के पत्रकार हैं। उनके साथ इस तरह की घटना को किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों ने बोकारो एसपी से दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोषी पुलिस कर्मियों पर अगर कार्रवाई नहीं होती है तो कसमार एवं पेटरवार के पत्रकार आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर हो जाएंगे।बैठक की अध्यक्षता पत्रकार दीपक सवाल एवं संचालन शेखर शरदेंदु ने किया। मौके पर पत्रकार रमेश चंचल, विकास गोस्वामी, हेमंत कुमार महतो, अशोक महतो, नीरज भट्टाचार्य, बैजनाथ महतो, राकेश कुमार शर्मा, सूरज कुमार व अन्य मौजूद थे।

### मोरहाबादी में जेसोवा का दिवाली मेला शुरू

रांची : रांची के मोरहाबादी मैदान में बुधवार को जेसोवा के दिवाली मेला का आगाज हुआ। झारखंड के मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जेसोवा का यह मेला सामाजिक उत्थान की दिशा में उठाया गया कदम है। यह मेला ग्रामीणों के हुनर को मंच देने का प्रयास है। मेले में ग्रामीण परंपराओं को संजोने का प्रयास किया गया है। साथ ही पूरे देश के बुनकरों व हस्तशिल्पियों के माध्यम से उत्पादों की प्रदर्शनी काफी आकर्षक है। मुख्य सचिव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मेला घूमने एक बार जरूर आएं और कारीगरों के प्रोडक्ट खरीद कर उनके स्वाबलंबन में सहयोगी बनें। मेले में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है जिसे ग्रामीण परिवेश के रूप से सजाया गया है। यहा बड़ी संख्या में लोग सेल्फी और फोटोग्राफी का लुत्फ उठा रहे हैं। झारखंड आईएएस ऑफिसर वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के तत्वावधान में दिवाली मेला 27 अक्टूबर तक चलेगा।

# झामुमो ने जारी की तीसरी सूची, पांच उम्मीदवारों के नाम का किया एलान

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** झामुमो ने आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। इस लिस्ट में झामुमो ने बिशुनपुर और चक्रधरपुर सीट से मौजूदा विधायक चमरा लिंडा और सुखराम ओरांव को मैदान में उतारा है। चमरा लिंडा ने 2024 में हुए लोकसभा चुनावों में झामुमो से बगावत कर लोहरदगा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ा था। वे महागठबंधन के विरोध में थे। हालांकि उन्हें तब हार मिली थी।

पार्टी से किया गया था सस्पेंडः पार्टी से बगावत करने के मामले में चमरा लिंडा पर कार्रवाई भी की थी। पार्टी ने उन्हें सस्पेंड भी किया था। बावजूद इसके अब झामुमो ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। चमरा लिंडा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में बिशुनपुर सीट से बीजेपी के अशोक ओरांव को हराकर



17,382 वोटों से जीत हासिल की थी।

इन उम्मीदवारों के नाम भी शामिलः चमरा लिंडा और सुखराम ओरांव के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने गोमिया से योगेंद्र प्रसाद, खूंटी (एसटी) से स्नेहलता कंडुलना और सिसई (एसटी) सीट से जिगा सुसारन होरो को मैदान में उतारा है।

इससे पहले, अपनी पहली लिस्ट में झामुमो ने 35 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। पहली सूची में बरहेट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय से कल्पना सोरेन के नाम का एलान किया गया था। वहीं, दूसरी सूची में रांची से महुआ माजी की उम्मीदवारी का एलान किया गया था। इस तरह से जेएमएम ने कुल 41 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है।

बता दें कि राज्य में विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होने हैं। वहीं नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## सीसीएल में साइबर सुरक्षा पर तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** सीसीएल के मानव संसाधन विभाग द्वारा सतर्कता विभाग एवं सिस्टम विभाग के सहयोग से क्षमता निर्माण कार्यक्रम के श्रृंखला के सातवें कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमे सीसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों से आए हुए करीब तीस अधिकारी भाग ले कर लाभांवित हो रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आज के परिवेश में व्यक्तिगत एवं अपने कार्य स्थल पर साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं साइबर आक्रमण से हमेशा सतर्क रहते हुए इससे बचने के उपायों पर चर्चा किया। रमाकांत पांडे, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम में चर्चा में आने वाले विषयों का उल्लेख करते हुए कार्यक्रम के अनुभव और अर्जित किए गए



ज्ञान को अन्य लोगों के साथ साझा करने के लिए सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी प्रतिभागियों को उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया । तकनीकी सत्र सुरेश बेहरा, महाप्रबंधक (सिस्टम), सीसीएल द्वारा लिया गया और विषय वस्तु पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन विकास सिंह, वरीय प्रबंधक, मानव संसाधन विकास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिस्टम, मानव संसाधन विकास एवं सतर्कता विभाग के महाप्रबंधक स्तर के कई अधिकारी उपस्थित थे।

आज के इस कार्यक्रम में कुल 200 छात्रों ने भाग लिया : सतर्कता विभाग एवं गांधीनगर अस्पताल के अधिकारियों ने छात्रों को सतर्कता जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी एवं अपनी जीवन शैली में ईमानदार और सत्यनिष्ठ रहने की सलाह दी। गौरतलब है कि सतर्कता विभाग, सीसीएल द्वारा 17 से 26 अक्टूबर तक राँची के भिन्न भिन्न स्कूलों में कई प्रतियोगिता कराई जा रही है।

## राज्य में बनेगी एनडीए की सरकार : अमर बाउरी

मेट्रो रेज संवाददाता

**रामगढ़ः** झारखंड के पूर्व मंत्री सह नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी पने समर्थकों के साथ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। वे टिकट मिलने के बाद पहली बार यहां पहुंचे थे। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार से राज्य की जनता पूरी तरह से त्रस्त है और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जनता अब परिवर्तन के मूड में है। राज्य में अपराधियों का बोलबाला है। राज्य की महिलाएं, व्यापारी, आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि एनडीए का



उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना, युवाओं को रोजगार से जोड़ना, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना, बच्चों को बेहतर शिक्षा और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करना है। इसके साथ ही हमारी सरकार राज्य में शांति का माहौल स्थापित करेगी। मौके पर भाजपा नेता राजीव जायसवाल, रंजन सिंह फौजी, चंदनकियारी के मुखिया संदीप महतो, तपन रजवार, सीतल सिंह, योगेंद्र रजवार, कालाचंद महतो, पशुपति महती, आजसू के केंद्रीय सदस्य हेमंत शेखर, संतोष रवानी बीजेपी युवा मोर्चा के जिला मंत्री मनोज पांडेय, गिरी सेन, अमरजीत कुमार, सदाई बाउरी आदि मौजूद थे।

## नगर निगम में चला हस्ताक्षर अभियान



**धनबादः** विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने व लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से धनबाद नगर निगम में बुधवार की शाम हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने हस्ताक्षर कर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने ने मीडिया को बताया कि नगर निगम के कर्मी घर-घर जाकर मतदाताओं से हस्ताक्षर करा रहे हैं। इस बार पूर्व की तुलना में मतदान प्रतिशत बढ़े, इसीलिए नगर निगम के कर्मचारियों को घर-घर भेजा जा रहा है। हस्ताक्षर अभियान के दौरान निगम के कर्मचारी, सुरक्षा जवान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## सेल की रांची स्थित इकाइयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** सेल की रांची स्थित इकाइयों के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2024 के लिए अभियान मोड के हिस्से के रूप में 23 अक्टूबर, 2024 को महात्मा गांधी स्मारक स्कूल, हटिया, रांची के छात्रों के लिए चित्रकला के माध्यम से ईमानदारी को प्रेरित करने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय था राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति । इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा प्रतिभागियों के बीच ईमानदारी और नैतिक आचरण के मूल्यों को स्थापित करना था, जिससे उन्हें राष्ट्रीय विकास में ईमानदारी की भूमिका पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सीईटी के मुख्य महाप्रबंधक एस केदास उपस्थित थे और इसका आयोजन सतर्कता विभाग, आरबीयू, सेल द्वारा किया गया था, जिसका नेतृत्व विशाल सिन्हा, महाप्रबंधक (सतर्कता) और एसीवीओ, आरबीयू, सेल ने किया था, जिसमें महात्मा गांधी स्मारक स्कूल के अध्यक्ष चंद्रमा प्रसाद और उनकी समर्पित टीम का सहयोग रहा। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का उपयोग पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक मूल्यों के विषयों को दशार्ने के लिए किया। उनकी रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ एक समृद्ध राष्ट्र को आकार देने में ईमानदारी के महत्व की शक्तिशाली याद दिलाती हैं। यह प्रतियोगिता सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तहत गतिविधियों की एक बड़ी श्रृंखला का हिस्सा है, जो समाज के सभी स्तरों पर ईमानदारी की आवश्यकता पर जोर देती है। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा और पुरस्कार 03 नवंबर 2024 को निर्धारित श्अह 2024 के समापन समारोह में किए जाएंगे। इस आयोजन ने न केवल छात्रों की कलात्मक क्षमताओं को पोषित किया बल्कि नैतिक सिद्धांतों और राष्ट्रीय समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध भावी पीढ़ी के निर्माण में भी योगदान दिया।

### सीसीएल में रक्तदान शिविर आयोजित

**रांचीः** सतर्कता जागरूकता अभियान-24 के तहत सीसीएल मुख्यालय स्थित डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने किया। अवसर विशेष पर बड़ी संख्या में मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे। शिविर में सीसीएल मुख्यालय के कर्मचारियों एवं अन्य ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने इस शिविर में रक्तदान भी किया। उल्लेखनीय है कि सीसीएल मुख्यालय के कर्मचारियों ने इस रक्तदान शिविर में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया।

## रामगढ़ः 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



मेट्रो रेज संवाददाता

**रामगढ़ः** रजरप्पा थाना पुलिस द्वारा लगातार अवैध देसी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को भी अहले सुबह चितरपुर प्रखंड के लारी कला क्षेत्र में अवैध देसी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय के निर्देश पर थाना के अवर निरीक्षक अखिलेश सिंह के नेतृत्व में की गई। इस दौरान कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही 20 लीटर अवैध देसी महुआ शराब को जब्त करते हुए लगभग 300 केजी जावा महुवा नष्ट किया गया। इसके अलावे शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और छोटे छोटे ड्राम सहित अन्य सामान को भी नष्ट किया गया। वहीं अवैध शराब बेचने के आरोप में लारी कला निवासी बंधु साव को गिरफ्तार भी किया गया। उस पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अवर निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी कर लारी कला में अवैध महुआ देसी शराब निर्माण भट्ठी को ध्वस्त किया गया।

### लालू और तेजस्वी होंगे आरजेडी के स्टार प्रचारक

**रांचीः** राष्ट्रीय जनता दल ने आज झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव आयोग को भेज दी है। इस सूची में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार सरकार में पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव समेत कुल 40 नेताओं के नाम शामिल हैं। इस बारे में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि झारखंड राज्य विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी है।

## बीजेपी जीती तो नया जिला बनेगा हुसैनाबादः हिमंत बिस्व सरमा

मेट्रो रेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि अगर भाजपा झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतती है, तो हुसैनाबाद उप-मंडल को एक नया जिला बनाया जाएगा और इसका नाम भगवान राम या कृष्ण के नाम पर रखा जाएगा। सरमा झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी भी हैं।

सरमा ने कहा, राज्य से घुसपैठियों को बाहर निकालना पार्टी की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, हुसैनाबाद को निश्चित रूप से नया जिला बनाया जाएगा। इसे भगवान राम या कृष्ण के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हुसैनाबाद को नए सरकार की पहली मंत्रिमंडल की बैठक में अलग जिला घोषित किया जाएगा। भाजपा नेता सरमा जापला के कपूर्री ग्राउंड में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार कमलेश सिंह के लिए वोट मांगे। कमलेश सिंह झारखंड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एकमात्र विधायक थे, जो चार अक्तूबर को भाजपा में शामिल हो गए थे।

लंबे समय से चल रही हुसैनाबाद को अलग जिला बनाने की मांगः हुसैनाबाद को अलग जिला बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। कमलेश सिंह ने पिछले साल एक नवंबर को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन



वापस ले लिया था, क्योंकि उनकी मांग पूरी नहीं हुई थी। रैली में सरमा ने आरोप लगाया कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण जनसांख्यिकीय बदलाव आ रहा है। लेकिन सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा इस मुद्दे पर चुप है, क्योंकि यह उनके वोट बैंक का हिस्सा है।

'घुसपैठियों को बाहर निकालना भाजपा की प्राथमिकता': उन्होंने कहा, घुसपैठियों को बाहर निकालना भाजपा की प्राथमिकता है। हम झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लागू करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में हिंदू जनसंख्या घट रही है। जबकि बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि झारखंड को वहीं स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जो आज असम को करना पड़ रहा है।

# विधानसभा चुनाव 2024:आज शुभ मुहूर्त पर कई प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन



**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए महगामा विधानसभा सीट से हेमंत सरकार में कृषि मंत्रालय संभाल रही दीपिका पांडेय सिंह ने नामांकन पर्चा आज 24 अक्टूबर को दाखिल कर दिया है। उन्होंने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की मौजूदगी में नामांकन पर्चा दाखिल किया। बता दें कि दीपिका पांडेय सिंह वर्तमान में महगामा विधानसभा क्षेत्र से ही विधायक हैं। नामांकन से पहले उन्होंने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।



हटिया विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी नवीन जायसवाल ने किया नामांकन



डाल्टेनगंज के भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने किया नामांकन दाखिल



राजमहल के भाजपा उम्मीदवार अनंत ओझा ने किया नामांकन



हेमंत सोरेन की सीट पर जोसेफ ने किया नामांकन



उमाकांत रजक ने चास में दाखिल किया नामांकन



## बंगला भाषा के संरक्षण-संवर्द्धन के लिए आपनजन बंगाली संगठन की पहल

**हटिया/रांचीः** राजधानी के सिंह मोड़, विकास नगर रोड नंबर-दो स्थित आपनजन बंगाली संगठन बांग्ला भाषा के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सतत प्रयासरत है। इस दिशा में संस्था द्वारा एक अनोखी पहल की गई है। प्रत्येक रविवार को संगठन से जुड़े पदधारियों व सदस्यों द्वारा दो घंटे बांग्ला भाषा पढ़ना और लिखना सिखाया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि संगठन की इस पहल के बाद बांग्ला भाषा लिखना पढ़ना सीखने के लिए हर आयु वर्ग के लोग पहुंच रहे हैं। इस संबंध में संगठन के सचिव जेजे राय ने बताया कि संस्था की इस पहल का परिणाम है कि काफी संख्या में लोग बांग्ला भाषा सीखने आ रहे हैं।

इसमें छोटे बच्चे से लेकर हर आयु वर्ग के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न भाषाओं का ज्ञान होने से प्रतिभा में निखार आता है। बंगला भाषा सीखने के लिए लोग समय निकालकर आते हैं। बंगला भाषा सिखाने और इसके प्रचार-प्रसार के लिए गौरी मैती,रीता मित्रा,शीला गोराई, दीपाली दत्ता,संपा मंडल, कावेरी राय,रीता घोष सहित आपनजन बंगाली संगठन के अन्य सदस्यगण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## राज्य में बेटियां असुरक्षितः प्रतुल शाहदेव

- राज्य में 5 साल में 7200 बलात्कार की घटनाएं
- दुष्कर्म और पॉक्सो के मामलों में 25% से भी कम आरोपियों को हुई सजा

मेट्रो रेज

**रांचीः** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रदेश मुख्यालय में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए नामकुम में एक युवती के साथ हुए रेप और हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार में बेटियां पूरे तरीके से असुरक्षित है। तभी राजधानी रांची के नामकुम क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बेटी को किडनैप करके हत्या कर दी जाती है। इस सरकार के कुल 5 वर्षों के कार्यकाल में अब तक 7200 रेप की घटनाएं हो चुकी है, 7000 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी है ,ढाई लाख से ज्यादा संज्ञेय अपराध हुए हैं।यानी पूरे तरीके से अपराधियों का बोलबाला है ।सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कार्यकाल और हेमंत सरकार के कार्यकाल की तुलना करें तो 29% रेप केस की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। (वर्ष 2017 और 2022 के आंकड़े)। इसके अतिरिक्त



बलात्कार और पोस्को के भी मामलों में 25% से भी कम आरोपियों को सजा हुई है। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार का फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए भी दोषियों को सजा दिलाने का रिकॉर्ड भी बहुत बुरा है।

प्रतुल ने कहा आज एनडीए के उम्मीदवारों के बड़े संख्या में नामांकन के साथ इस सरकार की उल्टी गिनती की शुरूआत हो जाएगी । भाजपा अपने पंच प्रणों में 500 रूपये में गैस सिलेंडर, 2,70,000 युवाओं को सरकारी रोजगार, 5 लाख लोगों को स्वरोजगार, बेरोजगारों को 2000 रूपये मासिक बेरोजगारी भत्ता, गरीबों को 20 लाख से अधिक आवास, मुफ्त बालू देने की योजना के साथ चुनाव मैदान में जाएगी। प्रतुल ने कहा कि अभी तक गठबंधन का औपचारिक रूप से बंटवारा भी नहीं हुआ है। दूसरी ओर भाजपा गठबंधन जनता के इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की आकांक्षा के अनुसार चुनावी मैदान में उतरी गई है।

आज भाजपा के उम्मीदवारों के नामांकन के साथ सरकार की उल्टी गिनती शुरूः आज नामांकन के समय केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान रांची में चार विधानसभा की सभाओं को संबोधित करेंगे।असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा जी जमशेदपुर इलाके के विधान सभाओं के नामांकन और और चंदनक्यारी में उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी चाईबासा ,चक्रधरपुर के नामांकन में मौजूद रहेंगे। केंद्रीय मंत्री फागण सिंह कुलस्ते सिसई और गुमला के नामांकन में उपस्थित रहेंगे। बरकट्ठा और बरही के नामांकन में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहेंगे। चतरा ,सिमरिया और भवनाथपुर के नामांकन में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान उपस्थित रहेंगे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–मनीला बखला, उम्र–22 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट**

उपरोक्त लापता महिला मनीला बखला, उम्र–22 वर्ष, पे0–सत्यरंजन कुमार महतो, सा0–रोहरदाग (सुन्डील), थाना–सिल्ली, जिला–राँची जो दिनांक–15.10.2024 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सिल्ली थाना सन्हा संख्या–08/2024, दिनांक–16.10.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**
पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। –9431770066
थाना प्रभारी सिल्ली ,राँची। –9431706153

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 339457 Police(24-25)#D

## श्री अग्रसेन स्कूल में मना संयुक्त राष्ट्र दिवस

### संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों एवं उद्देश्यों से अवगत हुए विद्यार्थी



मेट्रो रेज

**भुरकुंडाः** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का स्थापना दिवस मनाया गया। प्रातःकालीन सभा में शिक्षकों ने संयुक्त राष्ट्र की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष सत्र में प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि संपूर्ण विश्व को भविष्य में किसी युद्ध की विभिषिका से बचाने और मानव कल्याण के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी। भारत भी इसका सदस्य है। भारत हमेशा वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ संपूर्ण विश्व के कल्याण एवं शांति पूर्वक ढंग से रहने की नीति को अपनाता रहा है। दूसरे देशों से अच्छे संबंध बनाने का हमेशा प्रयास करता रहा है। शिक्षिका साधना सिन्हा ने संयुक्त राष्ट्र के व्यवहारिक पक्ष पर प्रकाश डाला। कहा कि संयुक्त राष्ट्र का कार्य विश्व में शांति स्थापित करना, दो देशों के बीच उत्पन्न तनाव को कम करना, लोगों को मानवाधिकार प्रदान करना, आपदा के वक्त देशों को मानवीय और चिकित्सा सेवा प्रदान करना है। यह संगठन आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास में भी योगदान देता है। विशेष सत्र के बाद बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

## राज्यपाल से मिला कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा का प्रतिनिधिमंडल

**रांचीः** ब्राह्मण समाज के कल्याण और उनकी समस्याओं का निराकरण कैसे हो इसके लिए आज कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला और ग्यारह सूत्री मांग पत्र उन्हें सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महासभा के संयोजक मनोज कुमार पांडेय ने किया। राज्यपाल ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग जायज हैं। विधानसभा चुनाव के बाद उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। राज्यपाल ने भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण हेतु जमीन चिन्हित कर उपलब्ध करने के प्रति अपनी प्रतिद्धता जाहिर की। महासभा की ओर से आर्थिक रूप से सर्वे कर ब्राह्मणों को सरकारी व अर्ध सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने, ब्राह्मणों के कल्याण के लिए कल्याण बोर्ड का गठन करने, 19 मई को सरकारी अवकाश घोषित करने, परशुराम के नाम पर संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना करने, पुजारियों को मानदेय की व्यवस्था करने, सरकारी विभागों में ब्राह्मण कोषांग गठन करने, भूमिहीनों को मुफ्त आवास उपलब्ध कराने, जाति के बेरोजगार युवक-युवतियों को बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की गयी है।

## निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर मे हुई 28 मरीजों की हुई जांच

**रांचीः** निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन छात्र क्लब चिकित्सा मंच के तत्वावधान में पिस्कामोड़ शारदा बैटरी गली स्थित ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था में किया गया। जिसमें डॉ.अखिलेश तिवारी (आयुवेर्दाचार्ज ) ने 28 मरीजों की निःशुल्क जांचकर उन्हें निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छात्र क्लब चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। हमें अपने घर परिवार,राज्य एवं देश के लोगों की सेवा करने के लिए स्वस्थ रहना होगा। डॉ.अखिलेश तिवारी ने कहा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में पुराने से पुराने और जटिल से रोगों का इलाज संभव है मरीज अपना रोग ना छुपाए,प्रारंभिक अवस्था में डॉक्टर से संपर्क करें रोग हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। इसके पूर्व ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था के प्रबंध निदेशक एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संरक्षक राजकिशोर राणा जी को संस्था की ओर से नागरिक अभिनंदन किया गया विदित हो बिजनस इन भारत संस्था ने विगत दिनों रांची जिमखाना क्लब मे एक भव्य सम्मान समारोह आयोजन कर समाजसेवा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ सेवा कार्य के लिए राजकिशोर राणा जी को इंटरनेशनल विजियोनरी अवॉर्ड - 2024 से मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया था।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–सरस्वती कुमारी, उम्र–19 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–4 फीट 8ईंच, पहनावा–सफेद रंग काटी शर्ट एवं भूरा रंग का जींस पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला सरस्वती कुमारी, उम्र–19 वर्ष,पे0–बिरसा मुण्डा, सा0–लोहरिया टोला, पिठोरिया, थाना–पिठोरिया, जिला–राँची जो दिनांक–29.09.2024 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आज तक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में पिठोरिया, थाना सन्हा संख्या–20/2024, दिनांक–04.10.2024दर्ज कर खोज बिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इस की सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**
पुलिस उपाधीक्षक,मु0,प्रथम,राँची। –9431706141
थाना प्रभारी पिठोरिया ,राँची। –9431706186

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.339454 Police(24-25):D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## ब्रिक्स का संदेश

**सप्ताह** भारत के लिहाज से सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना रूस (कजान) में आयोजित 16वीं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता हो रही है। ब्रिक्स की स्थापना 2009 में ब्राजील,रूस, भारत और चीन को मिलाकर हुई थी। बाद में दक्षिण अफ्रीका को शामिल किया गया। अमेरिका और पश्चिमी देशों के घटते वैश्विक प्रभाव के कारण विभिन्न महाद्वीपों के अनेक देश ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं। इन देशों को ब्रिक्स में शामिल किया गया तो यह संगठन अमेरिका के प्रभाव वाले जी-7 से भी मजबूत हो जाएगा। ऐसे में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सशंकित होना स्वाभाविक है। उनकी आशंका को देखकर प्रधानमंत्री मोदी को कहना पड़ा है कि ब्रिक्स पश्चिम विरोधी नहीं,बल्कि गैर- पश्चिम संगठन है। उन्होंने ब्रिक्स शिखर वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिक्स विभाजनकारी नहीं, जनहितकारी है। राष्ट्रपति पुतिन ने फरवरी 2024 में अमेरिका के जाने-माने न्यूज एंकर टकर कार्लसन को दिए अपने साक्षात्कार में ब्रिक्स देशों की बढ़ती ताकत का जिक्र किया था तथा अपनी अध्यक्षता के दौरान इसकी भूमिका की भी चर्चा की थी। पुतिन ने ब्रिक्स के एजेंडे.को व्यापक रूप देने का प्रस्ताव दिया है। इसमें ब्रिक्स देशों के बीच अमेरिकी ड़ॉलर की हिस्सेदारी कम करने के लिए नई मुद्रा का प्रचलन करना बहुत जटिल और दुरूह प्रक्रिया है। इसी बात को ध्यान में रखकर स्थानीय मुद्रा यानी विभिन्न देशों की राष्ट्रीय मुद्राओं में लेनझ्रदेन की व्यवस्था लागू करना शामिल है। लेकिन कुछ अर्थों में यह मुद्दा भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह रूस से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात कर रहा है। रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों के कारण लेन-देन की समस्या पैदा हो रही है। यही संभावना है कि बुधवार को कजान में जारी घोषणापत्र में कोईठोस भुगतान प्रणाली कायम करने की घोषणा हो जाएगी। अगर बाद में सदस्य देशों के बीच कोई सहमति बन पाती है, तो अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में पश्चिमी देशों को मजबूत चुनौती मिल सकती है। रूस में हो रही ब्रिक्स शिखर वार्ता नई विश्व व्यवस्था का शिलान्यास साबित हो सकती है। अब ब्रिक्स नेताओं को चट्टान जैसी संकल्पशक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए।

## प्रदूषण की सफेद झाग

**राजधानी** दिल्ली में प्रदूषण इस पराकाष्ठा तक पहुंच गया है कि यमुना नदी में पानी के स्थान पर सफेद झाग उभर आई है। यह प्रदूषित और जहरीली झाग है। यमुना नदी इतिहास के पन्नों में खो गई है। वह अब या तो गंदा नाला है अथवा सफेद झाग का कोई गहरा गड्ढा । यमुना किनारे औद्योगिक इकाइयों के कचरे का अपशिष्ट नदी में गिर रहा है। आखिर इन इकाइयों को वहां से हटाया क्यों नहीं गया? प्रदूषण के कणों से मिलकर कचरा सफेद झाग में तबदील हो रहा है। कई बार ऐसा एहसास होता है मानो यमुना नदी की सतह पर सफेद बादल बन गए हों, लेकिन यह झाग दिल्ली के खतरनाक और जानलेवा पर्यावरण का प्रतीक है। यमुना भी एक राजनीतिक जुमला बन कर रह गई है। बीते 8 सालों के दौरान यमुना की सफाई पर करीब 6856 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह राशि केंद्र सरकार ने बजट के तौर पर दिल्ली सरकार को दी है। अर्द्धराज्य सरकार ने 1000 करोड़ रुपए से अधिक का उपकर प्रदूषण सेस भी दिल्लीवालों पर थोपा है। यह पूरी राशि कहां खर्च की गई, यमुना अब भी प्रदूषित और जहरीली क्यों है, तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सरेआम कहा था कि यमुना में डुबकी मारने की स्थिति न हो जाए, तो दिल्ली आम आदमी पार्टी को वोट मत देना, करदाता का पैसा कहां फूंक दिया गया, इन तमाम सवालों के जवाब केजरीवाल एंड कंपनी को देने ही होंगे। दिल्ली केह्यगैस चैंबर में अदालतें भी मौजूद हैं। न्यायाधीश भी बसे रहने को अभिशप्त हैं। क्या वे आप सरकार को तलब करके ये सवाल नहीं पूछेंगे? यह सफेद झाग जानलेवा भी साबित हो सकता है। छठ पर्व की पूजा और स्नान के दिन बहुत दूर नहीं हैं। धार्मिक आस्था के लोग अब भी सफेद झाग की यमुना में अपने बच्चों का स्नान करवा रहे हैं। ऐसी तस्वीरें मीडिया में छपी हैं। या तो उन्हें सफेद झाग के जहरीले प्रभावों की जानकारी नहीं है अथवा वे धार्मिक तौर पर विवश हैं, लिहाजा उस सफेद झाग के संपर्क में हैं! ईश्वर न करे कि वे बच्चे बीमार हों, लेकिन कोई अनहोनी हो गई, तो क्या उसका अपराध दिल्ली सरकार पर चस्पा किया जाएगा? दरअसल यह राजनीतिक जमात इतनी बेशर्म क्यों है कि यमुना की सफाई तक नहीं कराई जा सकी, जबकि सरकार को पर्याप्त बजट दिया गया था? करीब 10 साल तक केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहे और यमुना की निर्मलता और विरलता के जुमले उछालते रहे, अंततः यमुना में जहरीली झाग पैदा हो गई। क्या लोकतंत्र में जवाबदेही की कोई गुंजाइश नहीं होती? चूंकि राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब और गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। एक दर्जन से अधिक हॉट स्पॉट ऐसे हैं, जहां वायु का स्तर 300-400 या उससे अधिक हो गया है। देश की राजधानी की हवा इतनी विषाक्त हो चुकी है कि आश्चर्य होता है। सांस घुटने लगा है, खांसी लगातार हो रही है, निमोनिया के केस भी आ रहे हैं, हार्ट अटैक अचानक होने लगे हैं। दिमागी बीमारियां भी उभर सकती हैं। जन्म लेने वाले शिशुओं के वजन कम हो सकते हैं। कुछ दीर्घकालीन बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं। क्या राजधानी में जिंदगी जीना इतना दूभर होता है? चिकित्सक आगाह कर रहे हैं कि सांस से जुड़ी बीमारियां और उनके मरीज 30-40 फीसदी बढ़ चुके हैं, लेकिन सरकार फिर भी चिंतित नहीं है। राजनीतिक जमात बीमार नहीं पड़ती! बेशक इस मुद्दे पर ह्यराजनीतिह्ल जरूर होनी चाहिए, क्योंकि नए जनादेश की तारीख भी बहुत दूर नहीं है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय महज बयानबाज हैं या वह अभी बैठकें कर रहे हैं, समितियां गठित कर रहे हैं, अफसरों को निर्देश दे रहे हैं, एंटी स्मॉग गन तैनात करने के आदेश दिए जा रहे हैं, धूल के प्रदूषित कणों को नियंत्रित करने की कोशिशें भी जारी हैं, अंततः सवाल यह है कि ये तमाम व्यवस्थाएं स्थायी रूप से क्यों नहीं की जा सकतीं, जबकि यह दिल्ली का निरंतर यथार्थ है कि वह प्रदूषण की राजधानी है? पराली से फैलने वाला प्रदूषण एक अन्य समस्या है। पंजाब और दिल्ली, दोनों जगह आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, लेकिन दिल्ली सरकार पंजाब को प्रदूषण फैलाने से रोक नहीं पाई है। इस संबंध में दिल्ली, पंजाब तथा हरियाणा सरकारों को एक साथ बैठकर समस्या का समाधान करवाना चाहिए।

# संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता

भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाले देश के रूप में रही है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था की नीति निर्धारक सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता से भारत को वंचित तथा बाहर रखना अन्याय ही माना जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के समय से ही रक्षा मिशनों में भारत महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। अब तक विभिन्न शांति अभियानों में भारत के 180000 सैनिक हिस्सा ले चुके हैं। भारत ने 82 देशों के लगभग 800 शांति स्थापना अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है। मौजूदा समय में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति सैनिक दल में योगदान करने वाले सभी देशों में भारत दूसरा सबसे बड़ा देश है।

**अनुज आचार्य**

**संयुक्त** राष्ट्र दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ था। 24 अक्टूबर 1945 को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में 50 देशों ने मिलकर ऐसे देशों का समूह बनाया जिसका लक्ष्य वैश्विक शांति के लिए मिलकर काम करना था। इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र संघ या संक्षेप में यूएन भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के चार उद्देश्य हैं- अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण करना, विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग एवं मानव अधिकारों के प्रति सम्मान का संवर्धन और देशों की कार्रवाइयों के बीच तालमेल के केन्द्र के रूप में काम करना। लेकिन इधर दो वर्षों से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध एवं इजरायल एवं अरब राष्ट्रों के बीच सीमित युद्धों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जहां संयुक्त राष्ट्र संघ के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन में भारत के योगदान एवं भागीदारी का सवाल है तो आज भी भारत विकास एवं गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, निशस्त्रीकरण, मानवाधिकार और विश्व शांति स्थापना के प्रयासों में संयुक्त राष्ट्र संघ का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहा है। 140 करोड़ आबादी के साथ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश और एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति भी है।

भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाले देश के रूप में रही है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था की नीति निर्धारक सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता से भारत को वंचित तथा बाहर रखना अन्याय ही माना जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के समय से ही रक्षा मिशनों में भारत महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। अब तक विभिन्न शांति अभियानों में भारत के 180000 सैनिक हिस्सा ले चुके हैं। भारत ने 82 देशों के लगभग 800 शांति स्थापना अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है। मौजूदा समय में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति सैनिक दल में योगदान करने वाले सभी देशों में भारत दूसरा सबसे बड़ा देश है। वर्तमान समय में भी भारत 11 यूएन मिशन और दो यूएन कार्यालयों को 6891 भारतीय सैन्य कर्मी और 782 पुलिसकर्मी उपलब्ध करवा रहा है। इससे विश्व में शांति और सौहार्द कायम करने की भारत की गहरी प्रतिबद्धता साबित होती है और यह प्रदर्शित होता है कि भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर कितना विश्वास करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष उसके चार्टर के अनुसार कई ऐसे मुद्दे भी हैं जो लंबे समय से अपना हल निकलने की आस लगाए बैठे हैं। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसे मानवता से जुड़े मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र संघ अभी तक कोई कारगर हल तलाश नहीं पाया है। स्वीडन की पर्यावरण एक्टिविस्ट 16 वर्षीया ग्रेटा थनबर्ग ने संयुक्त राष्ट्र संघ में बोलते हुए कहा था कि, आपने हमारा बचपन, हमारे सपनों को छीन लिया है। लोग मर रहे हैं और पूरा ईकोसिस्टम बर्बाद हो रहा है। उनका कहना था कि विश्व के नेता कुछ नहीं कर रहे हैं। किसी जमाने में परमाणु निशस्त्रीकरण संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख एजेंडे का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन बीते दो दशकों में यह मुद्दा जैसे पृष्ठभूमि में चला गया है। यद्यपि यूएन चार्टर का उद्देश्य विश्व समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक प्रगति हेतु कार्य करना है ताकि संसार में समानता, स्वतंत्रता, सहयोग, न्याय, भ्रातृत्व, मित्रता व सुरक्षा का परिवेश निर्मित किया जा सके और युद्ध की नौबत ही न आए। लेकिन बीते 75 वर्षों में न केवल युद्ध जारी हैं, अपितु सीरिया जैसे देश तो बबार्दी के कगार पर पहुंच चुके हैं। विश्व को आज भी ताकत एवं आर्थिक आधार पर ही हांका जा रहा है। पाकिस्तान आज भी आतंकवादियों की जन्मस्थली बना हुआ है और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। उत्तर कोरिया और ईरान बेधडक होकर परमाणु हथियारों की होड़ को बढ़ावा दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है जिसमें प्रतिबंधित ड्रग्स का उत्पादन, खेती और बिक्री भी शामिल है। आतंकवाद की बढ़ती विभीषिका और खतरे के दृष्टिगत भारत ने 1996 में संयुक्त राष्ट्र संघ में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि का प्रस्ताव रखा था। लेकिन 26 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह मुद्दा आपसी सहमति न बन पाने के कारण अभी भी लटका हुआ है और आतंकवाद की परिभाषा तय करने में नाकाम रहा है। जब वैश्विक संस्थाएं अपने एजेंडे एवं चार्टर के अनुरूप काम करती न दिखें तो उनके अस्तित्व पर सवालिया निशान उठना लाजिमी ही हो जाता है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ के मौजूदा स्वरूप को बदलने और इसमें भारत की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखी थी। उनका सवाल था कि आखिर भारत, संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए कब तक इंतजार करता रहेगा? नरेंद्र मोदी का कहना है कि सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और संयुक्त राष्ट्र संघ के मूल चरित्र में सुधार वक्त की मांग है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था के स्वरूप, संगठन और उसके कार्यों में सुधार का जो मामला उठाया है, यदि उस पर शीघ्र ही गौर न फरमाया गया तो आने वाले समय में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था निश्चित तौर पर अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष करती नजर आएगी। यह संस्था अपनी पूर्णता एवं समग्रता में विश्व शांति और कल्याण के लिए अपनी सार्थकता सिद्ध कर पाए, इसके लिए विश्व के सभी देशों को मिलजुल कर प्रयास और सहयोग करने की जरूरत है।

# युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति

एक समय था जब समाज केवल साइंस या इंजीनियरिंग की डिग्री वाले लोगों को तवज्जो देता था। वर्तमान समय में भी देखने में आता है कि बहुत सारे पेरेंट्स देखादेखी में अपने बच्चों की रुचि जाने बिना साइंस या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने पर मजबूर करते हैं। राजस्थान के कोटा शहर को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले बच्चों का हब माना जाता है। अपने लक्ष्य को पाने के लिए कोटा स्टूडेंट्स की पहली पसंद होती है। लेकिन इसका दूसरा स्याह पक्ष भी है।

**रमेश धवाला**

**भारत** में युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति केवल एक चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में 1.71 लाख और 2023 में लगभग 2 लाख लोगों ने आत्महत्या की, जो दुनिया में सबसे अधिक है। रिपोर्ट से यह भी स्पष्ट होता है कि 41 फीसदी आत्महत्याएं 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं द्वारा की जाती हैं। इसके पीछे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, शैक्षणिक दबाव, आर्थिक चिंताएं, प्रेम संबंधों में असफलता, नशे की लत और घरेलू हिंसा जैसे कई जटिल कारण शामिल हैं। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार देश में हर दिन 35 से भी ज्यादा स्टूडेंट्स खुद की जान ले रहे हैं। यानी हर 40 मिनट में देश का एक स्टूडेंट आत्महत्या कर रहा है। स्टूडेंट सुसाइड की यह गिनती देश में किसानों की आत्महत्या से भी ज्यादा है। यह चौंकाने वाले आंकड़े आईसी-3 कॉन्फ्रेंस और एक्स्पो 2024 के दौरान जारी स्टूडेंट सुसाइड : एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट में सामने आए हैं। आईसी-3 इंस्टीट्यूट एक नॉन-प्रॉफिट संस्थान है जो हाई स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों के छात्रों पर अध्ययन करता है। यह रिपोर्ट एनसीआरबी के 2021 के डेटा पर आधारित है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में देश में 13089 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं, पिछले 10 सालों में करीब एक लाख छात्रों ने आत्महत्या की है।

पेशे के हिसाब से आत्महत्या की दर देखने पर पता चलता है कि दिहाड़ी मजदूरों और नौकरीपेशा लोगों की आत्महत्या की दर क्रमशः 25.6 फीसदी और 9.7 फीसदी है। जबकि बेरोजगारों की आत्महत्या की दर 8.4 फीसदी है। हमारे देश में युवाओं पर मानसिक स्वास्थ्य का बोझ अत्यधिक बढ़ रहा है। सफलता का दबाव, अभिभावकों और शिक्षकों की अपेक्षाएं तथा व्यक्तिगत समस्याएं- जैसे करियर और रिश्तों की चुनौतियां, युवाओं को आत्महत्या के रास्ते पर धकेल रही हैं। इस संक्रमणकालीन अवस्था में, वे अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिसमें अवसाद, एंग्जाइटी और पैनिक डिसऑर्डर प्रमुख हैं। पारिवारिक उपेक्षा और सामाजिक दबाव उनके मानसिक स्वास्थ्य को और भी गंभीर बना रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप हताशा और निराशा बढ़ रही है, और कई युवा नशे की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इस गंभीर स्थिति में परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने युवाओं पर नजर रखनी चाहिए। उनसे संवाद करना चाहिए और उनके मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। हाल ही में, 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया, जिसमें विशेषकर महिलाओं के बीच आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। रिपोर्ट के अनुसार आत्महत्या की घटनाओं में 15 फीसदी महिलाएं शामिल हैं, जिनके पीछे अवसाद और तनाव के कई बाहरी और घरेलू कारण हैं। साइबर बुलिंग भी युवा पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है, जिसका मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव हो सकता है। राज्य में भी आत्महत्या के मामलों की संख्या चिंताजनक है। 2020 से 2023 के बीच 3385 लोगों ने आत्महत्या की। इनमें से अधिकांश मामले दांपत्य जीवन में तनाव, वित्तीय चिंताएं, नशीले पदार्थों की लत, बेरोजगारी और पारिवारिक समस्याओं से जुड़े हुए हैं। इस भीषण समस्या का समाधान एक बहुआयामी रणनीति के माध्यम से ही संभव है, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और शिक्षा प्रणाली में सुधार शामिल हैं। सरकार, गैर-सरकारी संगठनों और समुदायों को मिलकर काम करना होगा। युवाओं को यह बताना जरूरी है कि उनकी समस्याओं के समाधान मौजूद हैं और वे अकेले नहीं हैं। संवाद के माध्यम से युवाओं को समझाना और उन्हें स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। इसमें पर्याप्त नींद, स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और तनाव कम करने वाली गतिविधियों को शामिल किया जाना चाहिए। अंततः, शिक्षा संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को अनिवार्य बनाना भी महत्वपूर्ण है। कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित कर छात्रों को आत्महत्या और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर जागरूक किया जा सकता है। एक सामूहिक प्रयास के तहत, सहानुभूति और समर्थन का माहौल बनाना युवाओं को अपनी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करेगा। आत्महत्या की रोकथाम के लिए एक ठोस और समर्पित रणनीति के माध्यम से ही हम युवाओं को एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। यदि हम सभी स्तरों पर सहयोग करें, तो हम इस संकट को समाप्त कर सकते हैं और युवाओं को एक स्वस्थ, सकारात्मक भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें समर्थन दें, ताकि वे अपनी चुनौतियों का सामना कर सकें और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकें। अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर बिना वजह का दवाव नहीं बनाना चाहिए। एक समय था जब समाज केवल साइंस या इंजीनियरिंग की डिग्री वाले लोगों को तवज्जो देता था। वर्तमान समय में भी देखने में आता है कि बहुत सारे पेरेंट्स देखादेखी में अपने बच्चों की रुचि जाने बिना साइंस या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने पर मजबूर करते हैं। राजस्थान के कोटा शहर को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले बच्चों का हब माना जाता है। अपने लक्ष्य को पाने के लिए कोटा स्टूडेंट्स की पहली पसंद होती है। लेकिन इसका दूसरा स्याह पक्ष भी है। कोटा में बहुत सारे स्टूडेंट्स हर साल आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं! अब समय की जरूरत है कि पेरेंट्स बच्चों पर बिना वजह से दवाब न बनाएं और यह समझने का प्रयास करें कि सूचना के युग में हर विषय में स्कोप है, बशर्ते स्टूडेंट उसमें रुचि और महारत हासिल करे। ऐसी छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर हम आत्महत्या की इस घातक प्रवृत्ति को रोक सकते हैं और एक सशक्त युवा पीढ़ी का निर्माण कर सकते हैं।

## चिंतन-मनन

# निंदा

**डॉ. ज्ञानानंददास स्वामी**

**एक** बार भगवान बुद्ध ने शिष्यों के एक कथा सुनाई, एक गांव में एक वृद्ध श्रद्धालु महिला थी। उसका नियम था कि जब भी गांव में साधु- महात्मा आते तो वह उन्हें भोजन कराती। एक बार भंडारे के लिए उसके घर के बड़े खुले आंगन में खाना बनाया जा रहा था। तभी आसमान में उड़ती हुई एक चील आंगन के ऊपर से होकर गुजरा। उसने अपने पैर से मरा हुआ सांप पकड़ रखा था। सांप के मुंह से जहर टपक रहा था। जहर की बूंदें खाने में गिर गयी। उस भोजन को खाने वाले अनेक तीर्थवासी संन्यासी मर गए। इस घटना को लेकर गांव के लोग उस वृद्धा को जिम्मेदार ठहराने लगे। बुढ़िया ने साधुओं को जहर देकर मार डाला!' जब भी भिक्षुओं का कोई संघ गांव में आवास-भोजन की मांग करता तो गांव वाले कहते इस गांव में एक बुढ़िया रहती है, वहां जाओ। सीधा मोक्ष का रास्ता मिल जाएगा।' फिर वही किस्सा सुनाते और वृद्धा को दोषी और हत्यारी कहते।' वृद्धा के वर्षो के अच्छे कर्म और सेवा पर एक दुर्घटना ने पानी फेर दिया जिसमें उसका कोई दोष नहीं था। जनता प्रायः सच और झूठ के मूल में जाना नहीं चाहती। इस परिस्थिति में निंदकों की लॉटरी लग जाती है। वे युक्तिपूर्वक उस बुराई पर चर्चा करते हुए अच्छाई को भी बुराई में तब्दील करने का हुनर रखते हैं। ऐसे निंदक तब हर किसी के पवित्र जीवन में से भी गलती ढूंढ़कर या मढ़कर उस पर कीचड़ उछालते रहते हैं। भगवान कृष्ण गीता में अर्जुन को यही समझाते हैं अर्जुन! तुम्हारे अतुलनीय प्रभाव के कारण अब तक लोग तुम्हारा आदर करते आए हैं। किंतु यदि इस युद्ध से तुम विरत हो जाते हो तो वे तुम्हें भय से भगोड़ा और युद्ध से विमुख समझेंगे।' महंत स्वामी महराज समझाते हैं कि उस समय अर्जुन की उपलब्धि, यश, प्रतिष्ठा, विजय,सम्मान आदि आसमान छू रहे थे। इसीलिए यदि उसने एक बार भी (युद्ध न करने की) छोटी सी भी भूल की (भले ही भूल कर) तो लोगों द्वारा वर्षों तक इतनी निंदा की जाएगी कि.अर्जुन को मृत्यु उससे भी अधिक प्रिय लगेगी। जी हां, निंदा का गान और अवगुण का बखान करना बहुत आसान है,लेकिन क्या हम जानते हैं कि इससे समाज का कितना नुकसान होता है?

## आपके पत्र

### न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटने का अर्थ

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सही कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है। हाल ही में न्याय की देवी की नई मूर्ति सामने आई है। इसमें आंखों से पट्टी को और उनके एक हाथ से तलवार हटाकर संविधान की किताब थमा दी है। इसका मतलब शायद यह है कि कानून सबको एक बराबर देखता है और न्यायालय में फैसले संविधान के अनुसार होते हैं, लेकिन सवाल तो यह है कि न्यायालय की देवी की नई मूर्ति स्थापित करने से देश के कानून और न्याय व्यवस्था में सुधार होगा?

क्या अब भी देश को उचित और समय पर न्याय मिलेगा? न्याय और कानून व्यवस्था सत्ताधारियों, राजनेताओं और पूंजीपतियों के हाथ से मुक्त होगी? इन विषयों पर गहन चिंतन की जरूरत है।

**बीके राय, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# राधानगर पुलिस ने गांजा की बिक्री करते एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ जैसे कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। एक ओर जहां नशीले पदार्थों के चपेट में युवाओं के भविष्य बर्बाद हो रहे है तो वही दूसरी ओर पुलिस भी इन नशीली पदार्थों पर नकेल कसने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राधानगर थाना क्षेत्रों में इन दिनों मादक पदार्थों का अवैध धंधा पैर पसार रहा है। जानकारी के मुताबिक राधानगर पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुए भारी मात्रा में गांजा के साथ एक विक्रेता को गिरफ्तार करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। धराए व्यक्ति थाना क्षेत्र के अमानत दियारा निवासी सोलेमान शेख बताया जा रहा है। इनके पास से करीब 1.144 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के इस छापेमारी से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बुधवार को



अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर बताया कि मंगलवार की देर रात्रि करीब 7 बजे संध्या में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की अमानत हाई मदरसा के पास गांजा का खरीद बिक्री हो रहा है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी, अंचलाधिकारी उधवा को सूचना देकर अमानत स्थित हाई मदरसा के पास छापेमारी करने का अनुरोध किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस कार्य में संलिप्त अपराधियों को पकड़ने एवं आवश्यक कार्यवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। राधानगर थाना प्रभारी एवं थाना पुलिस बल के सहयोग से छापामारी करने के लिए उक्त स्थान की ओर प्रस्थान किया गया। छापेमारी के दौरान संदिग्ध एक व्यक्ति जिसका नाम सोलेमान शेख की तलाशी ली गई। उक्त व्यक्ति के पास एक प्लास्टिक के थैला में गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था। जिसे तौलने पर 1.144 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पकड़ाए व्यक्ति के पास कोई वैध कागजात नही मिलने पर गांजा को जब्त करते हुए गांजा की तस्करी मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। जहां मामले को लेकर कांड संख्या 192/24 एनडीपीएस एक्ट के तहत बुधवार को आरोपी सोलेमान शेख को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में अंचलाधिकारी जयंत कुमार तिवारी, थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई फुलेश्वर अकेला, एएसआई हाकिम मुर्मू के अलावा पुलिस बल मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया दिसंबर में करेगी लीग का आयोजन : संदीप

**दुमका :** टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया दिसंबर के अंत में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में करेगी टेनिस बॉल सर्किल क्रिकेट लीग का आयोजन। उक्त आशय की जानकारी प्रेस को देते हुए दुमका जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव संदीप कुमार जय बमबम ने बताया कि झारखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष सुरजीत झा तथा महासचिव अजय कुमार साव से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्रीज के अमिताभ कहे जाने वाले सुपर स्टार सह लोक सभा सदस्य रवि किशन शुक्ला लीग के ब्रांड एम्बेसडर बने हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन इस बात के लिए प्रयासरत है कि पहली बार आयोजित इतने बड़े आयोजन में झारखंड के क्रिकेटर पर भी बोली लगे तथा झारखंड से भी कोई फ्रेंचाइजी ले। श्री बमबम ने बताया कि इसके लिए प्रथम चक्र के दो दिवसीय चयन शिविर का आयोजन रांची के एचईसी धुर्वा गोलचक्कर मैदान में 26 एवं 27 नवंबर को किया जा रहा है जबकि सूचीबद्ध खिलाड़ियों का फ्रेंचाइजी द्वारा बोली लगाकर चयन 3 एवं 4 दिसंबर को गोरखपुर में किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अंतिम तिथि 20 नवंबर तक हहह.ळइउउछ.उडट पर लॉगिन कर 649 रुपए के मामूली शुल्क के साथ अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्टर्ड प्लेयर का ही सिर्फ ऑक्शन होगा तथा झारखंड से रजिस्टर्ड प्लेयर को झारखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के ऑफिशियल ईमेल॑ड्ढ.१ल्लूँ @ँ’ृड्ड पर रजिस्ट्रेशन की पर्ची को अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा।

सचिव श्री बमबम ने बताया कि लीग के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है जिसके तहत प्रथम पुरस्कार 12 लाख रुपए एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 8 लाख एवं ट्रॉफी के अलावा बेस्ट बैटर्स, बॉलर तथा ऑलराउंडर को बाइक एवं ट्रॉफी के साथ - साथ अन्य टॉप टेन प्लेयर्स को 25 हजार की नकद राशि प्रदान की जायेगी। प्रतियोगिता में कुल 12 फ्रेंचाइजी की टीम होगी। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी होंगे जिसमें से 2 अंडर 19 एवं 2 अंडर 17 के होंगे।10 न्यूज अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें- डॉङ्ग प्रवीण

फोटो नम्बरः0232 हैं ।

कैप्शनःरात्रि 8ः45 बजे सदर अस्पताल साहिबगंज का औचक निरक्षण

साहिबगंजः जिला सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉङ्ग प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा रात्रि 8ः45 बजे साहिबगंज का औचक निरक्षण किया। निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा आईपीडी शेंट वार्ड, सेंट्रल लैब, उपस्थिति पंजी, प्रसव कक्ष, चिकित्सक व एएनश एम ड्यूटी रोस्टर व अस्पताल में साफ- सफाई आदि को देखे। सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित अस्पताल प्रबंधक,चिकित्सक व पारामेडिकल कमीर्यों को आवश्यक दिशा -निर्देश देते हुए अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया। मौके पर डॉङ्ग मुकेश कुमार उपाधिक्षक सदर अस्पताल साहिबगंज ,जयराम यादव व पारामेडिकल कर्मी आदि मौजूद थे।

### चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण करने का निर्देश



**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बिहार से सटे ने मिजाचौकी अंतरराज्यीय चेक नाका, गरमघाट, शंकुतला घाट, लालबथानी का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने मिजाचौकी चेकपोस्ट पर तैनात गशितदलों, एसएसटी, एफएसटी आदि के कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने जिला में प्रवेश करने वाले वाहनों की सूची व चेकनाकों की सक्रियता का गहनता से निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को रोस्टर के अनुसार गंभीर और अलर्ट होकर वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया।उन्होंने हर गतिविधि पर सीसीटीवी से निगरानी करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब, पैसा या अन्य किसी भी संदिग्ध वस्तुओं के पाए जाने पर तत्काल कारवाई कर सूचना देने का निर्देश दिया हैं। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर किसी प्रकार की कोई चूक न हो इस पर अत्यंत गंभीर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### सहायक अध्यापक पद से इस्तीफा देकर चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे जाकिर



**साहिबगंज/उधवाः** राजमहल विधानसभा चुनाव में एक सहायक अध्यापक पहली बार चुनावी रणभूमि में उतरकर अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया है। दरअसल सहायक अध्यापक ने पद से इस्तीफा देकर अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। जानकारी के अनुसार उधवा प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी सरफराज पंचायत के कटहल बाड़ी निवासी मो. जाकिर हुसैन ने बुधवार को जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन देकर सहायक पद से इस्तीफा दे दिया। तृणमूल प्रत्याशी मो. जाकिर हुसैन ने कहा कि वे यूपीएस कटहल बाड़ी भट्ठा में सहायक शिक्षक के पद पर थे। उन्होंने करीब 24 साल तक शिक्षा विभाग को सेवा दिया है। वर्तमान राजमहल विधानसभा क्षेत्र से अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस से जनहित में जनताओं की आवाज बनकर प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। कहा कि जनता ने चाहा तो वे जरूर चुनाव जीतेंगे। उन्होंने जनताओं से वादा किया है कि चुनाव जीतकर वह जनता की मांगें पूरी करेंगे और जनता की सेवा करेंगे। जनता की सेवा करने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मैं जनता की मांगें पूरी करने के लिए काम करूंगा और उनकी समस्याओं का समाधान करूंगा।

### वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



साहिबगंजःमुफस्सिल थाना पुलिस ने कोर्ट से निर्गत नोटिस को बुधवार को इश्तेहारी वारंटी के घर पर चिपकाया । थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि शोभनपुर दियरा निवासी इश्तेहारी वारंटी लक्ष्मण सिंह के घर पर विधिवित नोटिस चिपका कर उसके घर वालों को उसे जल्द से जल्द कोर्ट में हाजिर करने का निर्देश दिया गया।

## विधानसभा चुनाव को पुलिस अलर्ट, चलाया वाहन जांच

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने वाहन जांच अभियान चलाया । चुनाव प्रभावित न हो इस पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत इंग्लिश बाजार में पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर आवाजाही कर रहे है दर्जनों वाहनों को पुलिस बलों के द्वारा रोककर वाहनों और यात्रियों के बैग की तलाशी ली गई। वाहन जांच में रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, धुआं, परमिट, हेलमेट, डिक्की, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की गई। हालाकी इस बीच किसी भी



वाहन से संदेहास्पद सामग्री बरामद नही हुई। थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से प्रतिदिन सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर सूत्रों के माध्यम से नजर रखी जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले ऐसे लोगों पर पुलिस की पैनी नजर है। ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस की सहयोग करें। वाहन जांच अभियान में राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय,एसआई सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने आम नागरिकों से की चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को राधानगर थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इसका उद्देश्य चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस के जवानों ने थाना क्षेत्रों के मुख्य बाजार से लेकर क्षेत्र के प्रत्येक जगहों पर पैदल मार्च किया। मतदाताओं से अपील की गई कि क्षेत्र में मतदान को लेकर किसी प्रकार की बहस न करें। वहीं, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। दूसरे चरण के लिए 20नवम्बर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इसका हमसभी को पालन करना है। आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने वाले पर कार्यवाई सुनिश्चित है। राधानगर थाना के



एसआई हसनैन अंसारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चुनाव में शांतिव्यस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

### सुनील यादव राजमहल विधानसभा से निर्दलीय पर्चा भरेंगे

**साहिबगंजः** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीति पार्टी जोर शोर से चुनावी तैयारी में जुट गए है।वही राजमहल विधानसभा क्षेत्र (01)से साहेबगंज जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव उर्फ फिरोज यादव भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर अपनी किस्मत चमकाने को लेकर राजमहल विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आज हजारों समर्थको के साथ नामांकन करेंगे।जिसकी जानकारी उन्होंने मीडिया को दी।आपको बता दू की जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव लगातार दो बार से अपनी जीत दर्ज करते आ रहे है।सुनील यादव के निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लडने से इस बार राजमहल विधानसभा चुनाव में दिलचस्प मुकाबला होने की उम्मीद है।

## सभी चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच सूक्ष्मता के साथ की जाए : व्यय प्रेक्षक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमकाः** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर दुमका जिला के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र,10-दुमका अ.ज.जा,12-जरमुंडी ,07-शिकारीपाड़ा अ.ज.जा,11-जामा अ.ज.जा हेतु प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक श्रीमती नेहा (आई.आर.एस) ने सभी कोषांग के नोडल/सहायक नोडल पदाधिकारी,वन प्रमण्डल पदाधिकारी, राज्य-कर संयुक्त आयुक्त,सभी निवार्ची एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी,नोडल पदाधिकारी आयकर विभाग,लीड बैंक मैनेजर,उत्पाद अधीक्षक सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच सूक्ष्मता के साथ की जाय।जांच के दौरान वीडियोग्राफी



निश्चित रूप से की जाय।इंटर स्टेट एवं इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट पर विशेष नजर रखी जाए।कहा कि चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है।चेक पोस्ट पर वाहनों के जांच के दौरान इस बात की नजर रखी जाए।व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा है एवं इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया है।

बैठक में व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों के अक्षरशः अनुपालन करने की बात कही। साथ ही सभी पदाधिकारी कर्मियों को लेखा व्यय कोषांग के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के चार छात्रों ने पास किया नेट/पीएचडी की पात्रता परीक्षा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमकाः** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के कुल 4 छात्रों ने नेट या पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिसमें विभाग के पूर्व छात्र प्रसनजीत मंडल ने नेट तथा देवाशीष चौधरी, राकेश कुमार एवं रितु दास ने पीएचडी प्रवेश हेतु पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है। उपरोक्त सभी छात्र स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के पूर्व छात्र थे। प्रसंजीत मंडल ने लगातार दूसरी बार यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ाया है। 2021-23 सेशन के छात्र रहे प्रसंजीत मंडल ने पिछले वर्ष 2023 में भी पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जब वह विश्वविद्यालय के तीसरे सेमेस्टर के छात्र ही थे। मुर्शिदाबाद के एक किसान के पुत्र, प्रसंजीत का सपना व्याख्याता बनने का है। इसी उद्देश्य से उन्होंने सिदो कान्हू मूर्मू विश्वविद्यालय दुमका में दाखिला लिया था और अत्यंत परिश्रम से अध्ययन कर एम ए की पढ़ाई पूरी की। वह लगातार यूजीसी नेट की परीक्षा देकर उच्च कोटि के शोध के लिए जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) पाने का प्रयत्न कर रहे हैं, हालाँकि यह उपलब्धि अभी उनके हाथ नहीं आयी है। किंतु, जैसा कि अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष और मानविकी संकाय के डीन प्रो. परमानंद प्रसाद सिंह का कहना है, एक आतिसमान्य पृष्ठभूमि से होने के बावजूद लगातार दो बार असिस्टेंट प्रोफेसर के लिये पात्रता अर्जित करना अपने आप में एक गर्व का विषय है। प्रो. सिंह ने बताया कि ऐसे छात्र विश्वविद्यालय के सामाजिक उद्देश्य की पूर्ति करते हैं, और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।

## महागठबंधन के प्रत्याशी को जीताने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे : सांसद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर के बंगाली पाड़ा स्थित राजमहल सांसद विजय हांसदा के चौपाल प्रांगण में इंडिया महागठबंधन की एक बैठक की गई।जिसमें मुख्य रूप से सांसद विजय हांसदा,कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान सहित महागठबंधन पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस एवं राष्ट्रीय जनता दल के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर था जिसमें सभी पदाधिकारी ने बारी-बारी से अपना सुझाव एवं दिशा निर्देश उपस्थित कार्यकताओं को दिए।कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सांसद विजय हांसदा ने कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी सदस्य एवं कार्यकर्ता हमारे चुने गए महागठबंधन के प्रत्याशी को जीताने के लिए हर संभव प्रयास करेगी तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी



पदाधिकारी गण लगन से साथ देंगे।वहीं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कहा की अभी वक्त है आपस में सभी गठबन्धन के कार्यकर्त्ता एक जुट होकर अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महागठबंधन सरकार ने पिछले 5 सालों में जितने भी कार्य किये उन सभी कार्यों को एवं योजनाओं को जनता के बीच रखें तथा पमहागठबंधन की सरकार बनान की अपील करें। साथ ही यह भी कहा की जिस प्रकार पिछले लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं की लगन एवं जनता के विश्वास ने भारी मतों से विजय अपना सांसद तैयार किया ठीक उससे दुगने जोश के साथ इस बार राजमहल लोकसभा में पड़नेवाले सभी विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को ऐतिहासिक वोटो से विजय बनाने का काम करेंगे।बैठक में झामुमो ज़िला अध्यक्ष शाहजहान अंसारी,राजद ज़िला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,राजमहल विधान सभा के झामुमो प्रत्याशी एम.टी राजा, रैसुल आलम, कमल आर्य, मो.नसीरुद्दीन, प्रो.नजरुल इस्लाम, अशोक कुमार दास, रणजीत टुडू, नाबीद अंजुम, भोला महतो, मिथुन मण्डल,अनन्त लाल भगत, निताय सरकार,राबीउल, दिलदार आलम, अब्दुल गफुर, अब्दुल कादीर, शक्तिनाथ अमन ,इक्वाल, धरमवीर, अहमद, ऐनुल अंसारी, बद्रुदोजा, देवेन्द्र ठाकुर, तैमूर आलम, परवेज आलम, कमरूल हक, असगर सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपास्थित थे।

# साउथ सुपरस्टार नागार्जुन की मुश्किलें बढ़ी, एक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज




**तेलुगु सिनेमा** के सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी विवादों में घिर गए हैं। उनके खिलाफ एन कन्वेंशन सेंटर से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस स्टेशन में भास्कर रेड्डी नामक व्यक्ति ने यह शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नागार्जुन ने इस वेन्यू से अनुचित लाभ उठाया है और सरकार को होने वाले राजस्व का नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने मांग की है कि नागार्जुन से यह रकम वसूल कर सरकार को वापस की जाए।

यह शिकायत एन कन्वेंशन सेंटर पर हुई कार्रवाई के बाद दर्ज की गई है। कुछ समय पहले ही हैदराबाद विकास प्राधिकरण ने इस केंद्र को अवैध घोषित करते हुए इसे ढहा दिया था। नागार्जुन ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह जमीन पट्टे पर ली गई थी और इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है।

नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपनी सफाई दी थी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने किसी भी तरह का कोई नियम नहीं तोड़ा है और उनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि वह कानून का सम्मान करते हैं और न्यायपालिका पर भरोसा करते हैं।

# गजनी 2 को हिंदी और तमिल में एक साथ सूट करेंगे आमिर खान और सूर्या





**बॉलीवुड** के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी की सीक्वल गजनी 2, हिंदी और तमिल भाषा में बनाई जा सकती है। वर्ष 2008 में प्रदर्शित आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी का सीक्वल बनने जा रहा है। निर्माता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने तय किया है कि गजनी 2 को हिंदी और तमिल, दोनों भाषाओं में एक साथ बनाया जाएगा। साथ ही इसे एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज भी किया जाएगा।

हिंदी में गजनी 2, आमिर खान जबकि तमिल में यह फिल्म सूर्या के साथ बनाई जा सकती है। गजनी 2 को लेकर मेकर्स आमिर खान से मिले थे। उन्हें सीक्वल का आइडिया भी शेयर किया था। हाल ही में सूर्या ने भी कहा था कि गजनी 2 प्रोसेस में हैं और ये बन सकती है।अभी स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है।

# धर्मशाला में हिम फिल्मोत्सव का आगाज, 40 फिल्में होंगी प्रदर्शित



धर्मशाला में गुरुवार से दो दिवसीय हिम फिल्मोत्सव 2024 का आगाज हुआ। हिम सिने सोसायटी हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से पीजी कॉलेज धर्मशाला के त्रिगर्त सभागार में आयोजित इस फिल्म फेस्टिवल को लेकर आयोजन समिति का दावा है कि ये उत्सव हिमाचल के इतिहास का अपनी तरह का पहला फिल्म उत्सव है, जो न केवल निःशुल्क है, बल्कि भारतीय सिनेमा की संस्कृति की बात करने का भी अनूठा प्रयास है। इसमें 40 के करीब फिल्में, लघु फिल्में व डाक्यूमेंट्री प्रस्तुत की जा रही है। फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ राजीव भारद्वाज ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

समारोह की अध्यक्षता सीयू के कुलसचिव रजिस्ट्रार डॉ सुमन शर्मा ने की। इसके साथ ही बतौर विशिष्ठ अतिथि चर्चित फिल्म द केरला स्टोरी व बस्तर जैसी फिल्मों के निमार्ता निर्देशक सुदीप्तो सेन ने भी शिरकत की। वहीं इस मौके पर इस मौके पर डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर, फिल्म समीक्षक अरुण अरोड़ा, प्रशांत रंजन, नीतू दमीर सहित गणमान्य भी मौजूद रहे।



# गंदी बात मामले में एकता कपूर से पूछताछ

**मुंबई पुलिस** ने मंगलवार को वेब सीरीज गंदी बात से जुड़े मामले में निमार्ता एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर से पूछताछ की। बता दें कि अल्ट बालाजी वेब सीरीज गंदी बात के एक एपिसोड में नाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकतें करने के आरोप में मां-बेटी की जोड़ी पर पोक्सो एक्ट के तहत आरोप लगाए गए थे। मुंबई पुलिस ने उन्हें 24 अक्तूबर को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है।



## राहुल को रिलीज करेगी लखनऊ जायंट्स, आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले रिपोर्ट में दावा

**लखनऊः** आईपीएल में मुंबई इंडियंस भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या को रिटेन कर सकती है। फ्रेंचाइजी के एक सूत्र ने बताया है कि मैनेजमेंट इन चारों को रिटेन करने पर विचार कर रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के एक अधिकारी ने कहा है कि अभी तक हमने रिटेंशन लिस्ट तैयार नहीं की है। हम 29 अक्तूबर को अपनी सूची जारी करेंगे। जहां तक स्ट्राइक रेट की बात है तो उनका स्ट्राइक रेट कप्तान बनाने से पहले भी खराब था। एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फ्रेंचाइजी राहुल को रिलीज करने जा रही है। आईपीएल का मेगा ऑक्शन नवंबर या दिसंबर में हो सकता है, हालांकि नीलामी की डेट और जगह अब तक तय नहीं है। रिटेंशन का मतलब है, इस लिस्ट में जिन प्लेयर्स के नाम रहेंगे, उनकी नीलामी नहीं होगी। वे फ्रेंचाइजी का हिस्सा बने रहेंगे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि लखनऊ सुपर जायंट्स भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को रिलीज करने जा रही है। तेज गेंदबाज मयंक यादव, रवि बिश्नोई और निकोलस पूरन रिटेन होने जा रहे हैं। एलएसजी के सूत्र के आधार पर रिपोर्ट में दावा किया गया कि टीम के मेंटॉर जहीर खान और कोच जस्टिन लैंगर ने केएल राहुल के आंकड़ों को एनालाइज किया। इसमें साफ हो गया कि टीम लगभग सभी मैच हार गई है। केएल ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की है और रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट गेम के मोमेंट से मेल नहीं खाता है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ स्कोर अधिक हो रहे हैं। आप किसी ऐसे व्यक्ति को टॉप ऑर्डर में इतना समय लेने का जोखिम नहीं उठा सकते। फ्रेंचाइजी ने राहुल पर बोली लगाने से इनकार नहीं किया है। मुंबई के सूत्र ने बताया कि फ्रेंचाइजी तिलक वर्मा और ईशान किशन पर राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल कर सकती है। फ्रेंचाइजी की नजर अन्य युवाओं पर भी है।



# सिकंदर रजा ने 33 गेंदों में जड़ा शतक, तोड़ा रोहित शर्मा का रिकार्ड

**एजेंसियां/ नैरोबी:** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा 38 की उम्र में भी कहर बरपा रहे हैं। बुधवार को गाम्बिया के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने महज 33 गेंदों में शतक जडकर सभी को हैरान कर दिया। इसी के साथ सबसे तेज शतक लगाने के मामले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी पीछे छोड़ दिया है। उनकी इसी पारी की बदौलत जिम्बाब्वे ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय का सबसे बड़ा स्कोर भी तैयार कर लिया।

नैरोबी में इन दिनों टी-20 विश्व कप के अफ्रीका सब-रीजन के क्वालिफायर मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसी के तहत 23 अक्तूबर को जिम्बाब्वे का गाम्बिया से सामना हुआ। इस मैच में जो हुआ उसकी कल्पना किसी ने कभी नहीं की थी। जिम्बाब्वे ने नेपाल को पीछे छोड़ते हुए टी-20 अंतरराष्ट्रीय का सबसे बड़ा स्कोर अपने नाम कर लिया। नेपाल ने पिछले साल मंगोलिया के खिलाफ 20 ओवर में तीन विकेट पर 314 रन बनाए थे। अब जिम्बाब्वे ने सिकंदर रजा की अगवाई में 344 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर दिया।

भारत बनाम न्यूजीलैंड, दूसरा टेस्ट मैच

# राहुल, सिराज और यादव बाहर, न्यूजीलैंड 2 विकेट पर 90 रन पार




**एजेंसी/पुणेः** भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शुरू हुआ। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। न्यूजीलैंड ने 2 विकेट के नुकसान पर 90 रन पूरे कर लिए हैं। पहला विकेट आर अश्विन के नाम रहा। टीम इंडिया में इस बार प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव देखने को मिले हैं। टीम में शुभमन गिल, वॉशिंगटन सुंदर और तेज गेंदबाज आकाशदीप की वापसी हुई है, वहीं केएल राहुल, कुलदीप कुमार यादव और मोहम्मद सिराज को बाहर बैठाया गया है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हेनरी को टीम से बाहर रखा गया है। मैट हेनरी ने पिछले मैच में आठ विकेट चटकाए थे। क्रीज पर डेविट कान्वे और विल यंग डटे हुए हैं। बता दें कि पहले टेस्ट में हार का सामना करने के बाद भारत के लिए इस टेस्ट को किसी भी हाल में जीतना ही होगा। वरना वह सीरीज से बाहर हो जाएगा। भारतीय टीम पारी में सिर्फ 46 रन के स्कोर पर सिमट गई थी।

# सोशल मीडिया से प्लेइंग-11 तय नहीं होताः गंभीर




**एजेंसी/ पुणेः** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने पुणे में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले स्पष्ट कर दिया है कि टीम मैनेजमेंट डिसाइड करता है कि किसे प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए और किसे नहीं। सोशल मीडिया पर प्लेइंग इलेवन नहीं बनती है। गंभीर ने यह भी कहा है कि केएल राहुल ने कानपुर में अच्छी पारी खेली थी और टीम मैनेजमेंट उनका सपोर्ट करता रहेगा। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया है कि पुणे टेस्ट मैच में शुभमन गिल की वापसी होगी तो क्या सरफराज खान बाहर बैठेंगे या फिर केएल राहुल को ही एक मैच के लिए ड्रॉप किया जाएगा। गौतम गंभीर ने पुणे में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सोशल मीडिया प्लेइंग इलेवन तय नहीं करता।

यह महत्त्वपूर्ण नहीं है कि सोशल मीडिया या एक्सपर्ट क्या सोचते हैं, यह महत्त्वपूर्ण है कि टीम प्रबंधन क्या सोचता है। कानपुर की मुश्किल पिच पर उन्होंने अच्छी पारी खेली। हां, वह बड़े रन बनाना चाहेंगे और यह टीम प्रबंधन उनका समर्थन करना चाहता है। साफ है कि गौतम गंभीर चाहते हैं कि केएल राहुल को कुछ और मैचों में भी मौका मिले। अगर वह इन मैचों में रन नहीं बनाते हैं तो फिर आगे उनको ड्रॉप किया जा सकता है। असिस्टेंट कोच रायन डोशेट के बाद कोच गौतम गंभीर ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वे केएल राहुल को बैक करने वाले हैं। गंभीर अपने खिलाड़ियों को सैटल होने के लिए थोड़ा समय देते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### टाटा मोटर्स का कस्टमर केयर महोत्सव 2024 लॉन्च

**रांची:** टाटा मोटर्स ने अपने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 को लॉन्च कर दिया है। कमर्शियल वाहन के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने वाला यह कार्यक्रम 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अनूठे महोत्सव का आयोजन देशभर में 2500 से ज्यादा अधिकृत सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें कमर्शियल वाहनों के मालिक और ड्राइवर एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण चर्चाएं करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहक कई लाभ उठा सकते हैं। वह प्रशिक्षित तकनीशियन से गाड़ियों की पूरी जांच करा सकते हैं, और उन्हें कई अतिरिक्त सेवाओं तक पहुंच भी मिलेगी। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाले ड्राइविंग के तरीके सिखाने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, अपनी संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत कई विशेष रूप से तैयार पेशकशें भी मिलेंगी। टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 एडिशन का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह महोत्सव उपभोक्ताओं को बेहतरीन सर्विस देने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसमें गाड़ियों की अच्छी तरह जांच की जाएगी और ग्राहकों को कई और लाभ भी मिलेंगे।

### राजस्थान विधानसभा उपचुनावः कांग्रेस ने 7 उम्मीदवार किए घोषित



**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा की सात सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की आज घोषणा की। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन उम्मीदवारों के नाम को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने झुंझुनूं से अमित ओला, रामगढ़ से अरयान जुबेर, दौसा से दीनदयाल बैरवा, देवली उनियारा से कस्तूर चंद मीणा, खींवसर से रतन चौधरी, सलूम्बर एसटी से श्रीमती रेशमा मीणा तथा चौरासी एसटी सीट से महेश रोवट को चुनाव मैदान में उतारा है।

### भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी बढ़ी, 2018 से अब तक 209% का इजाफा

**मुबंई :** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर को पार कर गया है. वहीं फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में सोने की हिस्सेदारी में भी बड़ा इजाफा हुआ है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 7 दिसंबर 2018 को भारत का स्वर्ण भंडार 21.15 बिलियन डॉलर था. जो चार अक्टूबर तक बढ़कर 65.76 बिलियन डॉलर हो गया. इस तरह 2018 से अब तक विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी 209 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है. केंद्रीय बैंक की विदेशी मुद्रा भंडार प्रबंधन पर अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में रिजर्व बैंक की सोने की होल्डिंग 27.46 मीट्रिक टन बढ़कर 822.10 मीट्रिक टन हो गयी. आरबीआई ने इस वर्ष ब्रिटेन से 100 टन से अधिक सोना भी देश में मंगवाया है. मूल्य के संदर्भ में देखें तो टोटल फॉरेन एक्सचेंज में सोने की हिस्सेदारी मार्च 2023 के अंत तक लगभग 7.81 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 के अंत तक लगभग 8.15 प्रतिशत हो गयी. कुल स्वर्ण भंडार में से 408.31 मीट्रिक टन घरेलू स्तर पर रखा गया, जबकि 387.26 मीट्रिक टन बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास सुरक्षित रखा गया है. बता दें कि शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2018 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था. उनके कार्यकाल में विदेशी मुद्रा में 78 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है. भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7 दिसंबर 2018 को 393.735 बिलियन डॉलर था. जो 4 अक्टूबर 2024 में बढ़कर 701.176 बिलियन डॉलर हो गया है।

### नवविवाहित ससुराल से गायब, परिजनों ने दर्ज कराया हत्या का केस

**मुजफ्फरपुरः** नवविवाहिता अपने ससुराल से कई दिनों से गायब है। यह मामला मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर थाना इलाके का है। नवविवाहिता की पहचान सोनी कुमारी (19) के रूप में हुई है. सोनी की शादी सात माह पहले हुई थी. महिला के मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाया है. सोनी की मां ललिता देवी ने थाना में ससुराल वालों के खिलाफ हत्या, घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया है. सोनी के ससुराल वाले घर छोड़ कर भाग गये हैं.पुलिस सभी की तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि पीड़िता ललिता देवी की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है. सोनी की मां ने अपने दामाद सुनील कुमार पंडित, समधी फुंदेना पंडित, रामचंद्र पंडित, अजय कुमार पंडित समेत छह लोगों को आरोपी बनाते हुए हत्या, घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया है. लड़की की मां का कहना है कि शादी के दो महीने बाद से ही पैसे को लेकर सोनी के ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे. उसको मारते पीटते भी थे. सोनी पांच माह की गर्भवती थी. इसकी जानकारी सोनी ने उन्हें फोन करके दी थी। मां का कहना है कि इसको लेकर कई बार पंचायती भी हुई थी. इसके बावजूद सोनी के ससुराल वाले अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे थे। थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है. पुलिस जांच में जुटी है. सभी आरोपी घर छोड़ कर फरार हैं. उनकी तलाश की जा रही है।

### बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी को बड़ा झटका, सरकार ने स्टूडेंट विंग पर लगाया बैन

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के छात्र संगठन ह्यबांग्लादेश छात्र लीग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध 2009 के आतंकवाद विरोधी कानून के प्रावधानों के तहत लगाया गया है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा कि सरकार ने आतंकवाद विरोधी अधिनियम 2009 की धारा 18 की उपधारा (1) की शक्तियों का प्रयोग करते हुए बांग्लादेश छात्र लीग पर प्रतिबंध लगा दिया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है, बांग्लादेश की आजादी के बाद से, विशेष रूप से पिछले 15 वर्षों के तानाशाही शासन के दौरान, अवामी लीग का छात्र संगठन बांग्लादेश छात्र लीग को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल पाया गया है। इन गतिविधियों में हत्या, प्रताड़ना, कॉलेज परिसरों में उत्पीड़न, छात्र डॉर्मिटरी में सीट ट्रेडिंग, टेंडर में हेरफेर, दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न जैसी गंभीर आपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। इससे पहले, मंगलवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाने के लिए नेतृत्व करने वाले समूह भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन ने बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के इस्तीफे सहित पांच सूत्री मांगों की घोषणा की। मांगों में अवामी लीग के छात्र संगठन, बांग्लादेश छात्र लीग पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल थी।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनावः 85-85 पर लड़ेंगे तीनों दल

## कांग्रेस-शिवसेना उद्धव और एनसीपी शरद में सीट शेयरिंग, बचीं 33 सीटें अन्य दलों को



**मुंबईः** महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के तहत कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार) में शीट शेयरिंग का फामूर्ला तय हो गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और संजय राउत ने प्रेस कान्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस-शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार) 85-85-85 सीटों यानी 255 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। बाकी की बची 33 सीटों में सभी दल अपने कोटे से कुछ सीटें अपने समर्थक निदर्लीय प्रत्याशियों के देंगे। इसके बाद जो भी सीटें बचेंगी वे इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों को दी जाएंगी। अन्य दलों में समाजवादी पार्टी, एसडब्ल्यूपी और सीपीआई(एम) समेत अन्य पार्टियां शामिल हैं। हालांकि, अन्य दलों को कितनी सीटें दी जाएंगी ये अभी नहीं बताया गया है। इसी बीच शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 65 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।

इस सूची में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे और युवा नेता आदित्य ठाकरे को वर्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा गया है। आदित्य ठाकरे वर्ली से मौजूदा विधायक हैं, इस बार फिर से उसी सीट से चुनाव लड़ेंगे। वर्ली को शिवसेना का एक महत्त्वपूर्ण गढ़ माना जाता है। शिवसेना (यूबीटी) ने ठाणे से राजन विचारे को टिकट दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सामने ठाकरे गुट ने केदार दिघे को कोपरी-पचपखड़ी से टिकट दिया है। केदार दिघे दिवंगत नेता आनंद दिघे के रिश्तेदार हैं। आनंद दिघे को शिंदे का राजनीतिक गुरु माना जाता है। युवा सेना नेता एवं ठाकरे के रिश्तेदार वरुण सरदेसाई शहर की बांद्रा (पूर्व) सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने अपने अधिकांश विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाया है जो 2022 में शिवसेना में विभाजन के बाद उद्धव ठाकरे के साथ बने रहे।

एनसीपी ने जारी की 38 कैंडीडेट्स की पहली लिस्टः महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में एनसीपी के अजीत पवार गुट ने अपने पहले 38 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। एनसीपी प्रमुख अजीत पवार को अपने पारिवारिक गढ़ बारामती से और छगन भुजबल को येवला से मैदान में उतारा। पार्टी ने अंबेगांव से दिलीप वलसे-पाटिल, कागल से हसन मुश्रीफ, परली से धनंजय मुंडे और डिंडोरी से नरहरि झिरवाल को भी मैदान में उतारा है। इससे पहले शिवसेना ने अपनी 45 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ठाणे शहर के कोपरी-पाचपाखड़ी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। अन्य उम्मीदवारों में जोगेश्वरी (पूर्व) से मनीषा रविंद्र वायकर, नंदगांव से सुहास द्वारकानाथ कांडे, छत्रपति संभाजीनगर (मध्य) से प्रदीप शिवनारायण जायसवाल और नांदेड़ उत्तर से बालाजी देविदासराव कल्याणकर शामिल हैं। शिवसेना कैंडीडेट्स की यह सूची राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है।

# चक्रवात डाना ले रहा खतरनाक रूप, दहशत में ओडिशा-बंगाल

## दोनों राज्यों की सरकारें सतर्क, जवानों ने संभाला मोर्चा



**नई दिल्लीः** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव अब चक्रवाती तूफान डाना में तबदील हो गया है। चक्रवात दाना के खतरे को देखते हुए पश्चिम बंगाल और ओडिशा की सरकारें सतर्क हो गई हैं। ओडिशा के पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क का सूर्य मंदिर चक्रवात दाना के कारण बंद कर दिए गए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, यह चक्रवात 24 अक्तूबर की रात से 25 अक्तूबर की सुबह के बीच भितरकनिका पार्क और धामरा पोर्ट के बीच ओडिशा के तट से टकरा सकता है। उधर, चक्रवात दाना के मद्देनजर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को कैबिनेट बैठक बुलाई है। माझी ने पहले ही मंत्रियों को चक्रवात से प्रभावित होने वाले जिलों में चक्रवात प्रबंधन की निगरानी करने का निर्देश दिया है।

आईएमडी ने जानकारी दी है कि चक्रवात दाना के दौरान हवाओं की गति 100 से 110 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है, जो कभी-कभी 120 किमी प्रति घंटा तक भी पहुंच सकती है। इसके चलते ओडिशा के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी के साथ रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन हालातों को देखते हुए प्रदेश के स्मारकों, मंदिरों और संग्रहालयों को भी बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, राज्य के सभी स्कूलों को भी बंद रखने का आदेश दिया गया है। 14 जिलों में स्कूल-कालेजों को अगले तीन दिनों के लिए बंद रखने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा, राज्य में 200 से अधिक ट्रेनें भी रद्द कर दी गई हैं। आपदा प्रबंधन के लिए ओडिशा में 20 और पश्चिम बंगाल में 14 एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के अतिरिक्त बचाव दल, जहाज और विमान भी तैयार रखे गए हैं। राज्यभर में 5,000 से अधिक राहत केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### ग्रेजुएट युवाओं के लिए मौका, यूनियन बैंक भरेगा 1500 पद




**नई दिल्लीः** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने 1500 लोकल बैंक ऑफिसर (एलबीओ) पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 24 अक्तूबर 2024 से शुरू होगी। आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 नवंबर 2024 है। आवेदन करने के लिए योग्य और इच्छुक कैंडिडेट को ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा। 1500 पदों में से 613 पद जनरल कैटेगरी, 404 पद ओबीसी कैटेगरी, 224 पद एससी कैटेगरी, 109 पद एसटी कैटेगरी, 150 पद ईडब्ल्यूएस कैटेगरी और 60 पद पीडब्ल्यूबीडी कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए हैं। वैकेंसी की संख्या अस्थाई है और बैंक की आवश्यकता के अनुसार वैकेंसी की संख्या में बदलाव हो सकता है। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन में 795 पदों पर भर्तीः पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में ट्रेनी पदों पर बंपर भर्ती निकाली है। इच्छुक और योग्य कैंडिडेट ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुल 795 डिप्लोमा ट्रेनी, जूनियर ऑफिसर ट्रेनी और असिस्टेंट ट्रेनी पदों पर भर्ती की जाएगी। इस भर्ती के लिए कैंडिडेट आज 22 अक्टूबर 2024 से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख 12 नवंबर 2024 है।

### सलमान खान को धमकी देकर पांच करोड़ की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार



**मुंबईः** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को जान से मारने धमकी और पांच करोड़ रुपए की फिरौती मांगने वाले को मुंबई पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार किया है। दरअसल, कुछ दिन पहले मुंबई ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर सलमान खान को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी मिली थी। धमकी देने वाले आरोपी ने पांच करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की थी और बॉलीवुड एक्टर को जान से मारने को कहा था। हालांकि, बाद में आरोपी ने उसी हेल्पलाइन नंबर पर माफी थी। अब मुंबई पुलिस ने आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है और उसको पूछताछ के लिए मुंबई ले जाया जा रहा है। मुबंई पुलिस ने बुधवार को बताया कि सलमान खान को धमकी देने वाला आरोपी झारखंड के जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया है। वर्ली पुलिस की एक टीम उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप्प हेल्पलाइन पर सलमान खान से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांग करते हुए एक धमकी भरा संदेश मिला था। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। बॉलीवुड एक्टर को चेतावनी दी गई थी अगर उन्होंने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ मामले को सुलझाने के लिए 5 करोड़ रुपये नहीं दिए तो उनका हश्र मारे गए मुंबई के एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा।

### बिहारः छठ महापर्व पर चार दिन बंद रहेंगे स्कूल, आदेश जारी

**पटनाः** बिहार के शिक्षकों के लिए खुशखबरी है. राज्य सरकार ने छठ महापर्व में शिक्षकों की छुट्टी को एक दिन और बढ़ा दिया है. यानी अब छठ पूजा में शिक्षकों की चार दिनों (6 नवंबर से लेकर 9 नववंर) तक छुट्टी रहेगी. सरकार के आदेश के बाद शिक्षा विभाग ने भी इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश के तहत अब खरना वाले दिन भी विद्यालय बंद रहेंगे. शिक्षा विभाग के आदेश राज्य के राजकीय, राजकीयकृत एवं अल्पसंख्यक सहायता प्राप्त उर्दू, प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए लागू होंगे. हालांकि कई शिक्षक संघ एक दिन छुट्टी बढ़ाने के बाद भी संतुष्ट नहीं है।

# हुर्रियत नेताओं की बैठक से घाटी में बढ़ी हलचल

## कश्मीर में धारा 370 निरस्त होने के बाद एक साथ नजर आए नेता



**एजेंसी/ श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हुर्रियत के उदारवादी धड़े के नेताओं ने एक अनौपचारिक बैठक की। इस बैठक के बाद कश्मीर घाटी में हलचल बढ़ गई। इस बैठक की अध्यक्षता मीरवाइज उमर फारूक ने की, जिनकी हाल ही में नजरबंदी खत्म हुई है। मीरवाइज ने कहा कि यह बैठक अनौपचारिक थी। बैठक में मीरवाइज के साथ वरिष्ठ हुर्रियत सदस्य अब्दुल गनी भट, बिलाल लोन और मसरोर अब्बास अंसारी भी शामिल हुए। मीरवाइज ने इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि अल्हम्दुलिल्लाह! पांच साल बाद अपने प्रिय सहयोगियों प्रोफेसर साहब, बिलाल साहब और मसरोर साहब के साथ होने का मौका मिला। एक भावनात्मक अनुभव, जिसमें जेल में बंद साथियों की कमी महसूस हुई, लेकिन प्रोफेसर साहब को इस उम्र में अच्छी स्थिति में देख खुशी हुई। मीरवाइज ने कहा कि बैठक में किसी महत्त्वपूर्ण बात पर चर्चा नहीं हुई। मीरवाइज ने इसे महज एक अनौपचारिक बैठक बताया। उन्होंने बताया कि घर में नजरबंद रहने के दौरान इन्हें मुझसे मिलने की अनुमति नहीं थी। यह बैठक लंबे समय के बाद हुई एक अनौपचारिक मुलाकात थी। मीरवाइज ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह जम्मू-कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए बातचीत की शुरूआत करे, जिसमें हुर्रियत भी सहयोग करने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव इस मुद्दे का समाधान नहीं हैं और 2019 के एकतरफा फैसलों के बाद भी यह मसला जस का तस बना हुआ है। हुर्रियत नेताओं की यह मुलाकात कश्मीर में नई चर्चा को जन्म दे रही है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत की बैठक को लेकर राजनीतिक हलकों में भी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अपना पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने कहा कि मीरवाइज उमर फारूक साहिब और उनके सहयोगियों को आखिरकार लंबे समय बाद मिलने की अनुमति दी गई, यह कश्मीर के राजनीतिक माहौल में एक साफ बदलाव का संकेत है, जो कि जनता के व्यापक हित में काफी महत्त्वपूर्ण हो सकता है। राजनीतिक और वैचारिक मतभेदों के बावजूद, सभी पक्ष, राजनीतिक इकाइयां, जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य के निर्माण में एक सकारात्मक भूमिका निभा सकती हैं, जिसमें शांति, समृद्धि और लोगों का कल्याण मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

# सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना चीन-भारत की प्राथमिकता



- पांच साल बाद मोदी-जिनपिंग में द्विपक्षीय बातचीत, 50 मिनट तक चली चर्चा
- जिनपिंग बोले, दोनों देशों को आपसी मतभेद सही तरीके से संभालने चाहिए
- ब्रिक्स में बोले प्रधानमंत्री मोदी आतंकवाद पर दोहरे रवैये को जगह नहीं

**एजेंसियां/ कजानः** रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच पांच साल बाद बुधवार को द्विपक्षीय बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने सीमा विवाद को जल्द से जल्द निपटाने, आपसी सहयोग और आपसी विश्वास को बनाए रखने पर जोर दिया। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बाइलेटरल मीटिंग थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बने रहनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि हम पांच साल बाद औपचारिक रूप से बैठक कर रहे हैं। पिछले चार सालों में सीमा पर पैदा हुई समस्याओं पर जो सहमति बनी है, उसका हम स्वागत करते हैं। सीमा पर शांति बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को अपने मतभेदों को सही तरीके से संभालना चाहिए। हमें अपने विकास के सपनों को साकार करने के लिए कम्युनिकेशन और आपसी सहयोग को मजबूत करना चाहिए। भारत और चीन को अपने संबंधों को स्थिर बनाए रखने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जिससे दोनों देशों के विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सके। इससे पहले कजान में ब्रिक्स सम्मिट के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स देशों को आतंकवाद के खिलाफ एक साथ लड ?ा होगा। इस पर दोहरा रवैया नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में रिफॉर्म को जरूरी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम युद्ध नहीं, डायलॉग और डिप्लोमेसी का समर्थन करते हैं और जिस तरह हमने मिलकर कोविड जैसी चुनौती को परास्त किया। उसी तरह हम भावी पीढ़ी के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसर पैदा करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

न्यूज ब्रीफ

## कीर्ती सिंह मुंडा ने मांडर से भरा नामांकन समर्थकों के साथ निकाली नामांकन रैली




**मांडर:** मांडर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) की प्रत्याशी कीर्ती सिंह मुंडा ने बुधवार को निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। कीर्ती सिंह मुंडा, शहीद सुभाष मुंडा की पत्नी हैं, जिनकी राजनीति हत्या कर दी गई थी। नामांकन से पूर्व, उन्होंने दलादिली चौक पर स्थित अपने पति सुभाष मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और जीत का संकल्प लिया।

नामांकन से पहले, पिस्का मोड़ से राजभवन तक समर्थकों के साथ बाइक और छोटी गाड़ियों का एक विशाल जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में ₹सुभाष मुंडा के अरमानों को पूरा करने के लिए कीर्ती सिंह मुंडा को विजयी बनायें₹ और ₹मांडर से माफिया राज खत्म करो₹ जैसे नारों से पूरा माहौल गूंज उठा।

मीडिया से बात करते हुए, कीर्ती सिंह मुंडा ने कहा, ₹मैं यह चुनाव मांडर की जनता की मांग पर लड़ रही हूं। मेरे पति लाल झंडे के सिपाही थे, और यह झंडा गरीबों, मजदूरों, किसानों, आदिवासियों और दलितों के हक की लड़ाई का प्रतीक है। मांडर की जनता मुझे आशीर्वाद देगी और हम उनके अधिकारों की आवाज विधानसभा में पहुंचाएंगे।₹ उन्होंने अपने पति की राजनीति हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि मांडर की जनता सीपीआईएम को जिताकर इसका बदला लेगी।

इस मौके पर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे, जिनमें कपिल महतो, सम्मीउल्ला मंसूरी, अमित मुंडा, बुधराम उरांव (मुखिया), नीतू मुण्डा, सुमित्रा टाना भगत, बलराम मुण्डा, भरत मुण्डा, शिबना उरांव, और अशोक उरांव प्रमुख रूप से शामिल थे।

## तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में दो घायल

**मांडर/चान्हो ।** जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच 39 पर सोंस के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार सुमो ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति की पहचान 35 वर्षीय बुधवा उरांव के रूप में हुई, जो बूढ़ाखोखरा का निवासी है। घटना के समय वह अपने मोटरसाइकिल से घर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही सुमो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। कांग्रेस नेता इरशाद खान के त्वरित प्रयास से बुधवा उरांव को तुरंत चान्हो स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

दूसरा हादसा मांडर के रांची-डाल्टेनगंज मार्ग पर मलटोटी पुल के पास हुआ, जहां एक अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आकर 55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही मांडर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और महिला को अस्पताल भेजा, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## डॉ रामेश्वर उरांव ने किया नामांकन



**लोहरदगा:** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ पहुंचे नामांकन करने।

## गुवा खदान में जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू हुआ तो 15 दिनों बाद होगा आंदोलन : रामा पांडेय



किरीबुरु : सेल की गुवा खदान प्रबंधन गुवा खदान में गोपनीय तरीके से जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू करना चाह रही है। इसका जमकर विरोध किया जायेगा। यह बात झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष रामा पांडेय ने गुवा स्थित अपने यूनियन कार्यालय में सप्लाई मजदूरों के साथ वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू होने से सप्लाई मजदूरों के रोजगार की गारंटी नहीं रहेगी। ठेकेदार का कांट्रेक्ट खत्म होने के बाद मजदूरों को काम से हटा दिया जायेगा। इसके अलावे मजदूरों को मिल रही चिकित्सा, आवास आदि अनेक प्रकार की सुविधाओं से वंचित होना पडेगा। बतौर सप्लाई मजदूर के रूप में मजदूरों को रोजगार की गारंटी वर्षों से रहती आ रही है और आगे भी रहेगी। इसमें ठेकेदार बदल जाती है, लेकिन सप्लाई मजदूर वहीं काम करता रहता है। साथ ही तमाम प्रकार की सुविधाएं सप्लाई मजदूरों को मिलती है।

रामा पांडेय ने कहा कि सप्लाई मजदूरों को समान काम का समान वेतन सेलकर्मियों के वेतन के अनुसार नहीं दिया जा रहा है। प्रबंधन ने मेघालया गेस्ट हाउस में त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान प्रबंधन ने इसे लागू करने की बात कही थी। इसके अलावे सेल की खदानों में बायोमेट्रिक हाजिरी का पूरा विरोध करती है। हमारी यूनियन की किरीबुरु इकाई ने इसके खिलाफ शिकायत किया है। जब तक फैसला नहीं आ जाता है तब तक प्रबंधन को इस दिशा में कोई प्रयास नहीं करना चाहिये। सेल की किरीबुरु प्रबंधन बायोमेट्रिक मशीन लगा चुकी है और वह एक नवम्बर से चालू करना चाह रही है जो अनुचित है। अगर प्रबंधन हमारी मांगों को पूरा नहीं करती, जॉब कांट्रेक्ट को वापस नहीं लेती है तो 15 दिनों बाद आंदोलन किया जायेगा।

## चक्रधरपुर विधानसभा सीट से झामुमो का सस्पेंस खत्म, विधायक सुखराम को मिला टिकट

चाईबासा : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव के लिए तीसरी सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही चक्रधरपुर विधानसभा सीट का सस्पेंस खत्म हो गया है। तीसरी सूची में चक्रधरपुर विधानसभा के विधायक सुखराम उरांव का नाम जारी किया गया है। झामुमो ने सुखराम उरांव को टिकट दिया है। बुधवार देर रात तक सस्पेंस बना हुआ था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का टिकट चक्रधरपुर विधानसभा में किसे मिलेगी। लेकिन अंतिम समय में सस्पेंस दूर कर दिया गया।

# मनोहरपुर विधानसभा में बना इतिहास, माता-पिता के विधायक बनने के पश्चात पुत्र भी बना है प्रत्याशी

### इनका भी है अच्छा खासा जनाधार

ज्योति पाठक

पश्चिम सिंहभूम जिला के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र-55 इसबार इतिहास रचने का कार्य किया है, क्योंकि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी जगत माझी के पिता देवेन्द्र माझी चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से 1980 में विधायक बनें और 1985 में मनोहरपुर विधानसभा से चुनाव जीतकर इतिहास रचा था। वहीं उनकी पत्नी श्रीमती जोबा माझी अविभाजित बिहार के समय मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सरकार की मंत्री भी रहीं तत्पश्चात 15 नवम्बर 2000 में झारखण्ड राज्य बनने के पश्चात प्रथम महिला मंत्री बनने का गौरव भी हासिल किया। इसके बाद राजनीति में उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा और मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से निरंतर चुनाव जीतकर मंत्री भी बनीं। वहीं वर्तमान





समय में श्रीमती जोबा माझी लोकसभा चुनाव भी रिकार्डमत से जीतकर सिंहभूम की सांसद बनी हैं। वहीं विधानसभा चुनाव 2024 में मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद, गठबंधन के पश्चात श्रीमती जोबा माझी के पुत्र जगत माझी इस विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी हैं और उन्होंने आज नामांकन भी किया। इस प्रकार से मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र राज्य का पहला ऐसा विधानसभा क्षेत्र है जहां पिता और माता विधानसभा चुनाव जीतते रहें और अब पुत्र भी चुनावी मैदान में हैं। जगत माझी को राजनीति उन्हें घर से ही सीखने को मिली है और लोगों के साथ जुड़ने तथा जनसमस्याओं के निराकरण हेतु गंभीर प्रयास करने की दक्षता भी। लोकसभा चुनाव में भी उनकी सक्रियता काफी बेहतर रही और झामुमो प्रत्याशी के रूप में उन्होंने अपनी माता के लिए काफी परिश्रम भी किया और इसका परिणाम भी सार्थक रहा। इस प्रकार से माता-पिता, विधायक तो रहे हीं वहीं माता वर्तमान समय में सिंहभूम की सांसद हैं और मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र उनका परमपरागत सीट भी है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र झामुमो के लिए काफी मजबुत और सुदृढ़ है ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का भी मानना है।

## सीता सोरेन ने परिवार को धोखा दिया: इरफान अंसारी

मेट्रो रेज संवाददाता

**जामताड़ा:** भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के जामताड़ा पहुंचते ही कांग्रेस के लगातार दो बार से विधायक बनते आ रहे इरफान अंसारी आक्रमक नजर आ रहे हैं. इरफान अंसारी ने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर सोरेन परिवार को धोखा देने का आरोप लगाया ह।

जामताड़ा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सोरेन परिवार की बहू सीता सोरेन को अपना प्रत्याशी बनाया ह। भाजपा से टिकट मिलने के बाद सीता सोरेन जामताड़ा में सक्रिय हो गई हैं. दौरा भी शुरू कर दिया ह। सीता सोरेन के सक्रिय होते ही इरफान अंसारी भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर हमलावर नजर आ रहे हैं. उन्होंने सीता सोरेन पर सोरेन परिवार और गुरुजी को धोखा देने का आरोप लगाया. इरफान अंसारी ने कहा कि जिस भाजपा ने गुरुजी की मुंह पर कालिख पोतने की बात कही. एक आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया. आज सीता सोरेन ने परिवार को धोखा





देकर उस पार्टी की गोद में बैठने का काम किया ह।

इरफान अंसारी में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को बाहरी उम्मीदवार बताया ह। उन्होंने कहा कि यहां पर बाहरी उम्मीदवार नहीं चलेगा. इससे चुनाव में कोई फर्क करने वाला नहीं है।

वहीं जामताड़ा विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने भी दौरा करना शुरू कर दिया ह। दौर के क्रम में जामताड़ा पहुंचने पर सीता सेरेन ने हेमंत सरकार पर हमला बोला और राज्य की जनता के साथ धोखा करने और झूठ बोलने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि जामताड़ा से विधायक बनी तो

जामताड़ा का कायाकल्प होगा

सीता सोरेन ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार हमेशा राज्य की जनता को धोखा देते आ रही है। झूठ बोलने का काम कर रही है। कहा कि सरकार ने युवाओं को धोखा दिया. बेरोजगारी, पलायन को बड़ी समस्या बताया. सीता सोरेन ने कहा कि जामा में विधायक रहते अपने पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के अधूरे काम को पूरा करने सपना था लेकिन जिस पार्टी में थी उस पार्टी में रहकर काम नहीं कर पाई. सीता सोरेन कहा कि भाजपा ने संकल्प लिया है बदलाव का. इसलिए राज्य में बदलाव जरूरी है।

## लौह अयस्क खदान में 31वां खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह मना

मेट्रो रेज संवाददाता

**मेघाहातुबुरु-किरीबुरु :** सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र के मेघाहातुबुरु और किरीबुरु लौह अयस्क खदान में 31वां खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह मनाया गया। इसमें ए-1 समूह निरीक्षण दल के कंवेनर जितेंद्र कुमार वरीय प्रबंधक (खनन), पाखर बॉक्साइट खदान, मेसर्स हिंडाल्को, सदस्य पीबी मिश्रा मेसर्स टाटा स्टील, संजय शर्मा तथा वंगलपुडी कुमार, मेसर्स हिंडाल्को और अभिषेक कुमार, मेसर्स हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड से मौजूद थे।

भारतीय खान ब्यूरो, खान मंत्रालय, भारत सरकार का प्राथमिक मिशन खनिज और खान पर्यावरण संरक्षण के लिए भारत सरकार की विनियामक एजेंसी है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण पर न्यूनतम प्रतिकूल प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए खानों के विनियामक निरीक्षणों, खनन योजनाओं के अनुमोदन और पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं के माध्यम से देश के खनिज संसाधनों (अभितट और




अपतटीय दोनों) के व्यवस्थित और वैज्ञानिक विकास को बढ़ावा देना है। भारतीय खान ब्यूरो, रांची क्षेत्र, 31वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के अवसर पर मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान के तत्वावधान में खान निरीक्षण और प्रचार प्रसार के लिए मेघाहातुबुरु-किरीबुरु लौह अयस्क खदान को मनाने का शानदार अवसर मिला है।

ए-1 समूह निरीक्षण दल के कंवेनर जितेंद्र कुमार ने कहा कि मैं विश्व प्रसिद्ध सारंडा वन की गुरुवार की दोपहर को खान निरीक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए मेघाहातुबुरु-किरीबुरु लौह अयस्क खदान को धन्यवाद देता हूं कि इतने शानदार कार्यक्रम को रखा है। खनन उद्योग का हमारे राष्ट्रीय निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय खान ब्यूरो के रांची क्षेत्र का इस वर्ष का विषय है आज का कायाकल्प करें। वैज्ञानिक खनन के निरंतर सुधार के साथ कल जीवित रहें। खनिज संरक्षण जागरूकता, संसाधनों का प्रभावी उपयोग और खनन के सतत विकास की उपलब्धि, भारत में एक अलग पहचान देता है। इसके कारण इस क्षेत्र की सभी खदानें उत्तरोत्तर प्रगति कर रही हैं। खनन भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है जो संगठन, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## राखा माइंस से मोबाइल चुराने वाले पुरुलिया में गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** जादूगोड़ा थाना अंतर्गत राखा माइंस रेलवे स्टेशन के समक्ष बीते मंगलवार को राजा दास की सौमी इलेक्ट्रॉनिक्स मोबाइल दुकान से 70 नए मोबाइल समेत नगदी 50 हजार चोरी के मामले में बंगाल पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया है। दोनो की गिरफ्तारी पुरुलिया में हुई। पकड़े गए आरोपी घनश्याम सिंह व सागर सिंह बलरामपुर थाना के चूटकीड़ी गांव का रहने वाला है।

इधर गिरफ्तारी की खबर के बाद जादूगोड़ा पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की योजना बना रही है। जादूगोड़ा थाना पर प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर सभी आरोपी पकड़े गए हैं।

## धनबाद पुलिस ने किया बबला खान गोलीकांड का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद:** अरशद आलम उर्फ बबला खान गोलीकांड का धनबाद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बबला खान को गोली मारने वाले सलीम खान की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी जमशेदपुर से की गई। फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जमशेदपुर भाग गया था। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने इसकी पुष्टि की है।

डीएसपी ने बताया कि सलीम बबला खान का परिचित है। सलीम पेशे से बिल्डर है और नया बाजार में सलीम कंस्ट्रक्शन वर्क चल रहा था। जिसमें बबला खान वर्क मैनेज का काम देख रहा था।



घटना के दिन काम के एवज में सलीम ने बबला के निमार्णाधीन बिल्डिंग में फ्लैट की मांग की। इसे लेकर दोनों में विवाद बढ़ गया। जिसके बाद सलीम ने बबला पर गोली चला दी। डीएसपी ने बताया कि कांड के अनुसंधान में पता चला है कि घटना के वक्त दोनों के हथियार थे।

पुलिस ने आरोपी सलीम की गिरफ्तारी के साथ-साथ खून लगा एक देसी पिस्टल, डबल बैरल देसी कट्टा, एक मैगजीन, बैरल में फंसा एक खोखा, एक खून लगा लाइटर और दो मिस फायर गोली बरामद किया है।

## पांच वर्षों के उपलब्धियों की जानकारी देकर मांगे वोट : संजीव सरदार

**जमशेदपुर :** विधायक संजीव सरदार ने कहा कि किसी भी चुनाव में जीत की जिम्मेदारी बूथ स्तर के कार्यकर्ता की होती है, ऐसे में कार्यकर्ता घर घर जाकर झारखंड सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों में क्षेत्र के लिए किए गए विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दे जिससे कि ग्रामीण आने वाले विधानसभा चुनाव में झामुमो के पक्ष में मतदान करें और फिर से एक बार राज्य में मजबूती से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की सरकार बन सके। संजीव सरदार बुधवार को पोटका मैदान में प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन की अध्यक्षता में झामुमो पोटका प्रखंड कमिटी के तत्वावधान में विधानसभा चुनाव को लेकर आयोजित बूथ स्तरीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सदस्य सुनील महतो, हीरामनी मुर्मू, झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रावती महतो, वरिष्ठ नेता बबलू चौधरी ने कार्यकताओं को बूथ स्तर पर चुनाव जीतने के टिप्स दिए। विधायक ने कहा कि भाजपा द्वारा इस चुनाव में बाहरी प्रत्याशी को मैदान में उतारा है जिसे जनता शायद ही जानती होगी ऐसे प्रत्याशी चुनाव के बाद गायब हो जाते है जिसका उदाहरण पोटका की जनता पहले भी देख चुकी है ।उन्होंने कहा कि सभी पंचायत के कार्यकर्ता एवं बूथ कमिटी अपने अपने पंचायत एवं बूथों में लीड लेने के लिए आज से ही जुट जाएं जिससे कि चुनाव में आसानी से पोटका विधानसभा से जीत हासिल हो सके।

## कांग्रेस को नहीं मिल रहे प्रत्याशी तो बीजेपी से ले ले', सांसद ढुल्लू महतो ने कसा तंज

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद:** भाजपा ने धनबाद से विधायक राज सिन्हा, झरिया से रागिनी सिंह, सिंदरी से तारा देवी, बाघमारा से शत्रुघ्न महतो और निरसा से अपर्णा सेन गुप्ता को अपना प्रत्याशी बनाया है। इन पांचों प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के जिला कार्यालय में सांसंद ढुल्लू महतो ने मीडिया को संबोधित किया।

एक तरफ उन्होंने पीएम मोदी के काम की तारीफ की, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और झामुमो पर उनके काम को लेकर जमकर हमला बोला। उन्होंने धनबाद सीट पर उम्मीदवार नहीं उतारने को लेकर भी कांग्रेस पर कटाक्ष किया। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर उनके पास उम्मीदवार नहीं है, तो भाजपा से उम्मीदवार लेकर उतार लें।

सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि भाजपा अपने स्थापना काल से ही देश और राज्य के विकास के लिए जानी जाती है। झामुमो



के विकास विरोधी काम से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। हेमंत सोरेन के काम से राज्य का मान-सम्मान और स्वाभिमान गिरा है। अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। जनता का हाल बेहाल है। बेरोजगारी के कारण जनता सरकार बदलने का मन बना चुकी है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का वैचारिक आधार बहुत मजबूत है। एनडीए पूरे झारखंड में मजबूती से यह चुनाव लड़ेगी। निश्चित रूप से झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। जनता के साथ हुए सारे अत्याचार और अन्याय का हिसाब इस चुनाव में मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में कोयलांचल में कई विकास कार्य हुए हैं। आईएसएम को आईआईटी का दर्जा दिया गया, सिंदरी में एचयूआरएल कारखाना स्थापित किया गया, बिनोद बिहारी महतो के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।

उन्होंने धनबाद के सभी पांचों प्रत्याशियों के लिए कहा कि वे दिन-रात हमारे लोगों के बीच रहे हैं और लोगों की सेवा की है। पूरा विश्वास है कि 2024 के इस चुनाव में सभी प्रत्याशी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे और झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। कांग्रेस और जेएमएम ने झारखंड को लूटा है। झारखंड को बदनाम करने का काम किया है। इसका हिसाब जनता 2024 के चुनाव में लेगी।

उन्होंने कांग्रेस पर अब तक धनबाद सीट पर प्रत्याशी नहीं देने को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। वह किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश कर रही है जो पैसा दे सके। वैसा कोई मिलेगा इसी के इंतजार में वे हैं। अगर वे मांगेंगे तो भाजपा उन्हें उम्मीदवार दे देगी।